द SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 6:43 बजे
सूर्यास्त शाम 6:26 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-180 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शनिवार 7 मार्च 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल


# ईरान में मौत का आंकड़ा 2100 के पार, लेबनान में भी इजरायल ने दागी मिसाइलें

## IDF का दावा- हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर जैद अली जुमा ढेर




एजेंसी | तेल अवीव तहरान


मिडिल ईस्ट में जारी ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच की जंग अब सातवें दिन में प्रवेश कर चुकी है और हालात हर घंटे भयावह होते जा रहे हैं। इस युद्ध में अब तक ईरान के भीतर 2,100 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। मानवाधिकार संगठनों का अनुमान है कि यह आँकड़ा 2,600 के पार भी जा सकता है। तबाही का मंजर ऐसा है कि भारी संख्या में नागरिक और सैन्यकर्मी मलबे में दबे हुए हैं या लापता हैं।

**ईरान को भारी सैन्य और नागरिक क्षति**

इस संघर्ष में ईरान को जान-माल का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अब तक हुई मौतों में कम से कम 1,100 आम नागरिकों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 900 अन्य संदिग्ध मौतों की जाँच जारी है। केवल नागरिक ही नहीं, ईरान की सुरक्षा व्यवस्था को भी बड़ा झटका लगा है। आशंका जताई जा रही है कि 1,000 से 1,500 के बीच ईरानी सैन्यकर्मी मारे गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन हमलों में सरकार और सेना के 48 वरिष्ठ अधिकारी भी मारे जा चुके हैं।

**बेरूत में इजरायल का बड़ा प्रहारः जैद अली जुमा ढेर**

जंग के बीच इजरायली सेना (IDF) ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इजरायल का दावा है कि इस सटीक हमले में उसने हिजबुल्लाह के बेहद शक्तिशाली कमांडर जैद अली जुमा को मार गिराया है। जैद अली जुमा हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचे की रीढ़ माना जाता था और दक्षिणी लेबनान में संगठन के तोपखाने प्रमुख के तौर पर काम कर रहा था। IDF के अनुसार, जैद अली जुमा ही वह शख्स था जिसने इजरायल की ओर हजारों रॉकेट, मिसाइल और आत्मघाती ड्रोन हमलों की प्लानिंग की थी। इजरायली सीमा पर हुए हालिया हमलों के पीछे जुमा का ही दिमाग बताया जा रहा था। इजरायल ने साफ कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह और ईरान के सैन्य नेतृत्व को चुन-चुनकर निशाना बना रहा है, ताकि उनकी हमला करने की क्षमता को पूरी तरह खत्म किया जा सके।



### भारत सरकार ने सभी तेल कंपनियों को एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश दिया

*ईरान-इजराइल जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत भी बढ़ेगी। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर का यूज करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन में रुकावट की वजह से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने वीरवार देर रात आदेश जारी किया। इस आदेश में कहा गया है कि अब रिफाइनरी कंपनियां अपने पास मौजूद प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। यानी इन गैसों का उपयोग किसी और काम में नहीं किया जाएगा।*

### युद्ध में रोजाना 8300 करोड़ खर्च,18 लाख करोड़ खर्च का अनुमान

*पत्रिका 'द ऐटलांटिक' की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिकी रक्षा विभाग ने युद्ध के खर्च को लेकर एक शुरुआती अनुमान तैयार किया था। इस अनुमान के मुताबिक अगर यह संघर्ष जारी रहता है तो अमेरिका को हर दिन लगभग करीब 8,300 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। यानी सिर्फ एक दिन की लड़ाई में ही अमेरिका इतना पैसा खर्च कर रहा है जितना कई छोटे देशों का सालभर का बजट होता है। अमेरिकी सेना की मध्य-पूर्व कमान और पेंटागन के आँकड़ों के आधार पर तैयार किए गए एक ट्रैकर के अनुसार, इस संघर्ष पर अमेरिका का कुल खर्च 5।7 अरब डॉलर (लगभग 47,000 करोड़ रुपए) से भी अधिक हो चुका था। अर्थशास्त्रियों और सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि अगर यह युद्ध कुछ हफ्तों से ज्यादा चला तो अमेरिका के लिए इसकी आर्थिक कीमत बेहद भारी हो सकती है। पेन व्हार्टन बजट मॉडल के निदेशक और जाने-माने आर्थिक विश्लेषक केंट स्मेटर्स का अनुमान है कि अगर युद्ध लगभग एक महीने तक चलता है तो अमेरिका को करीब 210 बिलियन डॉलर यानी लगभग 18।87 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं।*

### ईरान के लिए यहूदियों की कर रहे थे जासूसी, लंदन में 4 गिरफ्तार

*लंदन में पुलिस ने ईरान के लिए जासूसी करने के शक में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग यहूदी समुदाय से जुड़े स्थानों और लोगों की निगरानी कर रहे थे और विदेशी खुफिया एजेंसी की मदद कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जाँच जारी है और कई जगहों पर तलाशी भी ली जा रही है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों संदिग्धों में एक ईरानी नागरिक है, जबकि तीन लोग ब्रिटिश-ईरानी दोहरी नागरिकता वाले हैं। आरोपियों की उम्र 22, 40, 52 और 55 साल बताई गई है। पुलिस ने इन्हें उत्तर लंदन और उसके आसपास के इलाकों में स्थित घरों से सुबह करीब 1 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक इन लोगों पर यह शक है कि वे यहूदी समुदाय से जुड़े स्थानों और कुछ खास व्यक्तियों की जासूसी कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों के ठिकानों और आसपास की अन्य संपत्तियों पर तलाशी अभियान अभी भी जारी है। इस मामले में छह अन्य लोगों को भी पश्चिमी लंदन के हैरो इलाके से गिरफ्तार किया गया है।*

## न्यूज़ ब्रीफ

### 19 को रिलीज होगी धुरंधर, ट्रेलर कल

**हैदराबाद|** एक्शन थ्रिलर 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर में रिलीज होने वाली है। फैंस फिल्म के बारे में लेटेस्ट अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनके इंतजार को अब रणवीर सिंह ने फुल स्टॉप लगाया है। शुक्रवार को 'धुरंधरः द रिवेंज' के ट्रेलर रिलीज की डिटेल्स शेयर करते हुए, रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई पोस्टर शेयर किए है और धुरंधर 2 का ट्रेलर के बारे में जानकारी दी है। पहले ट्रेलर 3 मार्च को रिलीज होना था, जिसे बाद में 6 मार्च तक टाल दिया गया था। अब आधिकारिक घोषणा की गई है कि ट्रेलर 7 मार्च को सुबह 11:01 बजे रिलीज होगा।

### अनुज सिविल सेवा के रिजल्ट में टॉपर

**दिल्ली|** यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। अगस्त 2025 में आयोजित लिखित परीक्षा और फरवरी 2026 में हुए इंटरव्यू के बाद आयोग ने भारत की प्रतिष्ठित प्रशासनिक और राजनयिक सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। यूपीएससी की योग्यता के आधार पर तैयार की गई यह लिस्ट अगली पीढ़ी के अधिकारियों के लिए आईएएस, आईएफएस, आईपीएस और ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' के तहत विभिन्न केंद्रीय सेवाओं में शामिल होने का रास्ता खोलती है। अनुज अग्निहोत्री ने टॉप किया। अनुज पहले भी 2 बार UPSC एग्जाम क्लियर कर चुके हैं।

### केमिकल्स पेंट और स्क्रैप फैक्ट्री में आग

**नई दिल्ली|** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के मेरठ रोड स्थित मैनापुर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सरस स्क्रैप और केमिकल्स पेंट फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भीषण थी कि कई किलोमीटर से आग की लपटें दिखाई दे रही थी। गनीमत रही की रात का वक्त होने के चलते फैक्ट्री में कर्मचारी मौजूद नहीं थे वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी। कुल चार जिलों की फायर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### इस्तीफा दें पीएम मोदी बोले केजरीवाल

**नई दिल्ली|** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स के जरिए प्रधानमंत्री मोदी से



पूछा कि भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए निर्देश देने वाला अमेरिका कौन होता है? केजरीवाल ने कहा, 'भारत 140 करोड़ लोगों का एक महान और प्राचीन देश है। हमें किसी दूसरे देश से अनुमति लेनी पड़े। अगर प्रधानमंत्री किसी मजबूरी के कारण देश के हितों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं, तो उन्हें पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### रूसी तेल फिर खरीदेगा भारत, अमेरिका ने लिया बड़ा यू-टर्न

समर न्यूज़ | नई दिल्ली


मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष ने भारत की एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर टेंशन बढ़ा दी थी। अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने की इजाजत दे दी है। यह छूट 30 दिनों के लिए दी गई है। अमेरिका ने यह कदम स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बाधित होने के चलते तेल सप्लाई के संकट की आशंकाओं के बीच उठाया है।अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेन्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इस फैसले की पुष्टि की। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इस कदम से ग्लोबल मार्केट में तेल की किल्लत नहीं होगी। बेसेन्ट ने कहा, 'यह एक 'स्टॉप-गैप' व्यवस्था है, जिससे ईरान की तरफ से ग्लोबल एनर्जी सप्लाई को ठप करने की कोशिशों को नाकाम किया जा सके। इस लाइसेंस के तहत 5 मार्च से पहले लोड किए गए रूसी तेल को 4 अप्रैल तक भारत पहुंचाया जा सकेगा। बता दें कि भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 40% हिस्सा मिडिल ईस्ट से इंपोर्ट करता है, जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आता है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस रास्ते से होने वाली सप्लाई पर खतरा मंडरा रहा है। इसी खतरे को भांपते हुए सरकारी रिफाइनरियों-जैसे IOC, BPCL और HPCL ने रूसी तेल की ओर रुख किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HPCL) ने तीन महीने के अंतराल के बाद फिर से रूसी तेल की खरीद शुरू की है।

## US में बुजुर्गों से ठगी: FBI की वांटेड लिस्ट में शामिल गुजरात का कल्पेश

समर न्यूज़ | अहमदाबाद

अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (FBI) ने उत्तर गुजरात के रहने वाले 34 वर्षीय एक शख्स को अपनी मोस्ट वांटेड अपराधियों की सूची में शामिल किया है। कल्पेश पटेल नामक इस व्यक्ति पर पूरे अमेरिका में मुख्य रूप से बुजुर्गों को निशाना बनाकर करोड़ों डॉलर की धोखाधड़ी (वायर फ्रॉड) करने का आरोप है। जांचकर्ताओं के अनुसार, कल्पेश ने साल 2017 से 2021 के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर पूरे देश में एक बड़ा ठगी का जाल बिछाया था। अपराध की दुनिया में उसे 'मेको', 'केनी' और 'केनी पटेल' जैसे उपनामों से भी जाना जाता है। इस पूरे मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कल्पेश 2015 में अवैध रास्ते से अमेरिका में दाखिल हुआ था और जल्द ही वह धोखाधड़ी के इस काले नेटवर्क का अहम हिस्सा बन गया। उसने ठगी के सैकड़ों मामलों का ताना-बाना बुना, जिनमें खास तौर पर वरिष्ठ नागरिकों को शिकार बनाया गया। वह और उसके साथी फोन पर बुजुर्गों को डराते थे कि उनकी पहचान का इस्तेमाल किसी आपराधिक गतिविधि में हुआ है।

इसके बाद उन्हें फर्जी कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर खौफजदा किया जाता था और उनकी जिंदगी भर की



जमापूंजी को 'मनी म्यूल' (पैसे इधर-उधर करने वाले नेटवर्क) के जरिए ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता था। पीड़ितों से नकदी और प्रीपेड डेबिट कार्ड के जरिए अमेरिका के अलग-अलग पतों पर पैसे मंगवाए जाते थे।

एफबीआई द्वारा जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, कल्पेश पटेल मेल और वायर फ्रॉड की साजिश रचने के मामले में वांछित है। केंटकी के लंदन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय (पूर्वी जिला) ने 22 जून 2023 को उसके खिलाफ संघीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उसे अब एक भगोड़ा घोषित किया जा चुका है और माना जा रहा है कि वह फिलहाल इलिनोइस या पेंसिल्वेनिया में छिपा हो सकता है या इन्हीं राज्यों के बीच यात्रा कर रहा है।

जांच एजेंसी ने आरोपी की पहचान उजागर करते हुए बताया है कि 17 मई 1991 को जन्मे कल्पेश पटेल की लंबाई 5 फुट 9 इंच और वजन लगभग 185 पाउंड है। उसके बाल काले और आंखें भूरी हैं। जानकारी के मुताबिक, ठगी के इतने बड़े नेटवर्क को संचालित करने के दौरान वह दिखावे के लिए फ्यूल स्टेशन अटेंडेंट, कैशियर और एक स्टोर वर्कर के रूप में भी काम कर चुका है।

यह पहली बार नहीं है जब गुजरात का कोई व्यक्ति एफबीआई की मोस्ट वांटेड सूची में आया हो। इससे पहले अप्रैल 2024 में जांच एजेंसी ने भद्रेश चेतन पटेल नाम के एक अन्य गुजराती की गिरफ्तारी के लिए ढाई लाख डॉलर (250,000 डॉलर) के भारी-भरकम ईनाम का ऐलान किया था। भद्रेश पर साल 2015 में मैरीलैंड के हनोवर स्थित एक डोनट शॉप में अपनी पत्नी की हत्या करने का गंभीर आरोप है।

फिलहाल एफबीआई ने आम जनता से अपील की है कि अगर किसी को भी कल्पेश पटेल के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत अपने स्थानीय एफबीआई कार्यालय या नजदीकी अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास से संपर्क करें। जांच एजेंसी ने यह कड़ी चेतावनी भी दी है कि इस संदिग्ध को बेहद खतरनाक माना जाना चाहिए और इसकी गतिविधियों से जुड़ी कोई भी छोटी सी जानकारी जांच के लिए बहुत अहम हो सकती है।

## पंजाब बजट सत्र में हंगामा: राज्यपाल के भाषण के दौरान कांग्रेस का वॉकआउट, अरोड़ा ने घेरा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। 6 मार्च से 16 मार्च तक चलने वाले इस सत्र के पहले दिन राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के अभिभाषण के दौरान कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और बाद में सदन से वॉकआउट कर दिया। सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि के साथ हुई। इसके बाद राज्यपाल ने अपने संबोधन में पंजाब सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, आम लोगों को बेहतर इलाज देने और नशे के खिलाफ अभियान चलाने की दिशा में विशेष



काम किया है। उन्होंने 10 लाख रुपये के बीमा कवर योजना का भी जिक्र किया, जिसमें निजी अस्पतालों को शामिल किया गया है। राज्यपाल के भाषण के दौरान कांग्रेस विधायक सुखविंदर सुखी समेत विपक्षी सदस्यों ने सदन के वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। राज्यपाल ने कहा कि विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उचित समय पर मुद्दा उठाना चाहिए। इसके बावजूद हंगामा जारी रहा और कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया। विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान डालना और फिर वॉकआउट करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका आरोप था कि कांग्रेस जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। अमन अरोड़ा ने पिछले चार वर्षों की उपलब्धियों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में क्रांति लाई है। 15,000 नई शिक्षक भर्तियां की गईं, 12,000 शिक्षकों को नियमित किया गया और शिक्षकों को विदेश प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। उन्होंने दावा किया कि लगभग 900 मोहल्ला क्लीनिक खोले गए हैं और अस्पतालों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 90 प्रतिशत परिवारों को मुफ्त बिजली मिल रही है और किसानों को दिन में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। अरोड़ा के मुताबिक, करीब 60,000 सरकारी नौकरियां बिना सिफारिश और बिना पैसे के युवाओं को दी गई हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस नेताओं ने कानून-व्यवस्था और चुनावी वादों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। महिला कांग्रेस ने महिलाओं को 1,000 रुपये देने के वादे को अधूरा बताया। बजट 2026-27 को कैबिनेट ने पहले ही मंजूरी दे दी है और इसे 8 मार्च को वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा विधानसभा में पेश करेंगे। आने वाले दिनों में सत्र के दौरान तीखी बहस होने की संभावना है।

### नेपाल चुनाव: बालेन शाह की पार्टी 101 सीटों पर आगे

**काठमांडू|** नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। 135 सीटों पर आए शुरुआती रुझानों में रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र



पार्टी 1 सीट जीतने के साथ 101 सीटों पर आगे चल रही है। यह पार्टी 2022 में बनी थी। वहीं गगन थापा की पार्टी नेपाली कांग्रेस ने एक सीट जीत ली है, जबकि 12 सीटों पर आगे है। वहीं केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल भी 9 सीटों पर आगे है। झापा-5 सीट पर राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह बड़ी बढ़त के साथ आगे चल रहे हैं। अब तक 15,740 वोटों की गिनती हो चुकी है। इसमें केपी शर्मा ओली को 2,205 वोट मिले हैं, जबकि बालेन शाह को 10,466 वोट मिले हैं। यानी शाह, ओली से लगभग पांच गुना ज्यादा वोटों के साथ आगे हैं। पिछले साल सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद वीरवार को हुए चुनाव में 60% से ज्यादा लोगों ने वोट डाले। वोटों की गिनती में 3 से 4 दिन लगने की उम्मीद है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 9 मार्च तक काउंटिंग पूरी करने की कोशिश की जाएगी।

### कर्नाटक में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

**बेंगलुरु|** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने अपने 17वें बजट भाषण के दौरान बड़ा फैसला लेते हुए 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर राज्यव्यापी प्रतिबंध की घोषणा की है। इसका उद्देश्य बच्चों में बढ़ती मोबाइल फोन की लत और उसके दुष्प्रभावों को रोकना है। सीएम ने कहा कि यह नीति बच्चों को व्यसनकारी एल्गोरिदम, साइबर बुलिंग, मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों और हानिकारक सामग्री से बचाने के लिए लाई जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, अत्यधिक सोशल मीडिया उपयोग किशोरों में चिंता, अवसाद और नींद संबंधी समस्याओं को बढ़ा रहा है। बजट में तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने की भी घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि भारतीय विज्ञान संस्थान के अंतर्गत AI और टेक पार्क स्थापित किया जाएगा। साथ ही ISRO और कर्नाटक राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के सहयोग से बेंगलुरु रोबोटिक्स और AI इनोवेशन ज़ोन नामक अत्याधुनिक कैंपस बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर संघीय ढांचे की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान में निर्धारित संघीय शासन प्रणाली का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे राज्य के साथ अन्याय हो रहा है।

### हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद करने का इरादा नहीं: ईरान

**तहरान|** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इज़राइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को बंद करने की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरान के उप विदेश मंत्री सईद ख़तीबज़ादेह ने 6 मार्च को कहा कि फिलहाल इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को बंद करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया, "हमने अभी तक हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को बंद नहीं किया है। अगर हम इसे बंद करेंगे तो इसकी घोषणा करेंगे। अभी ऐसा करने का कोई इरादा नहीं है।" हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला एक संकरा समुद्री मार्ग है, जिससे होकर दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल और एलएनजी परिवहन होता है। इसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माना जाता है।

ख़तीबज़ादेह का बयान ऐसे समय आया है जब ईरान की सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा था कि युद्ध की स्थिति में इस मार्ग से गुजरने वाला आवागमन इस्लामी गणराज्य के नियंत्रण में रहेगा। आईआरजीसी ने यह भी दावा किया कि उत्तरी खाड़ी में एक अमेरिकी टैंकर को निशाना बनाया गया है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### पश्चिम एशिया संघर्षः उर्वरक कीमतों में 20% तक उछाल की आशंका

## युद्ध का असर, खरीफ से पहले उर्वरक संकट की आशंका

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इज़राइल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला को झटका दिया है। क्षेत्र के कई उर्वरक संयंत्र बंद हो गए हैं और प्रमुख समुद्री मार्गों पर शिपिंग बाधित है। इससे एशिया के बड़े आयातक देशों, खासकर भारत, में खरीफ बुवाई से पहले उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता गहराई है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म एमके ग्लोबल ने चेतावनी दी है कि यह स्थिति भारत के रसायन और उर्वरक उद्योग के लिए निकट अवधि में आपूर्ति झटका पैदा कर सकती है। भारत अपनी ऊर्जा और कच्चे माल की जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर काफी निर्भर



है, करीब 50–55% कच्चा तेल और एलएनजी इसी क्षेत्र से आयात करता है।

हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने वाली शिपिंग सुरक्षा जोखिमों के कारण धीमी पड़ गई है। यह मार्ग वैश्विक तेल व्यापार का लगभग 20% और उर्वरक व्यापार का बड़ा हिस्सा संभालता है। खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) देशों की कई रिफाइनरियों ने ड्रोन हमलों और भंडारण बाधाओं के बाद 'फोर्स मेज्योर' घोषित किया है। इससे प्रोपलीन, जाइलीन, मेथनॉल, स्टाइरीन, पॉलिमर जैसे पेट्रोकेमिकल इंटरमीडिएट्स और अमोनिया, यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) जैसे उर्वरक इनपुट्स की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। एमके के अनुसार, कम इन्वेंट्री और कसी हुई आपूर्ति के कारण निकट अवधि में कीमतों में 10–20% तक वृद्धि संभव है। कच्चे तेल के दाम लगभग 20% बढ़ चुके हैं, जबकि एलएनजी कीमतों में करीब 150% उछाल आया है। अमोनिया उत्पादन प्राकृतिक गैस पर निर्भर होने से उर्वरक लागत और बढ़ सकती है।

भारत अपनी यूरिया और फॉस्फेटिक उर्वरकों की जरूरत का 40% से अधिक आयात पश्चिम एशिया से करता है। एजेंसी के अनुसार, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया जैसे देशों को नाइट्रोजन और फॉस्फेट की आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ सकता है। कतर ने एलएनजी अवसंरचना पर हमलों के बाद दुनिया की सबसे बड़ी एकल-साइट यूरिया इकाई में संचालन रोक दिया है। क्षेत्र में सल्फर उत्पादन भी घटा है, जो फॉस्फेट उर्वरकों के लिए अहम है। भारत ने हाल ही में 13 लाख टन यूरिया आयात का टेंडर पूरा किया है, जिसमें कुछ खेप पश्चिम एशिया से आनी थीं। लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि यदि तनाव जारी रहा तो डिलीवरी समय प्रभावित हो सकता है। पहले से ही कतर से एलएनजी आपूर्ति घटने के कारण देश के तीन उर्वरक संयंत्रों ने यूरिया उत्पादन कम कर दिया है। खरीफ मौसम भारत के वार्षिक खाद्यान्न उत्पादन का आधे से अधिक हिस्सा देता है—चावल, दालें, मक्का, कपास और तिलहन की बुवाई इसी अवधि में होती है। यदि ऊर्जा प्रवाह और समुद्री मार्ग शीघ्र सामान्य नहीं हुए, तो उर्वरकों की कीमतें और बढ़ सकती हैं, जिससे सरकारी सब्सिडी बोझ भी बढ़ेगा। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि तनाव कम होने पर रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति लेकर अंतर को पाटा जा सकता है और घरेलू उत्पादन गैस कीमतें नरम पड़ने पर सुधर सकता है।

# छुट्टी पर आए फौजी ने माता-पिता पर चलाई गोली

## मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, पिता की हालत नाज़ुक; आरोपी हिरासत में

समर न्यूज़ | बठिंडा



पंजाब के बठिंडा शहर के जोगी नगर इलाके में गुरुवार देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां छुट्टी पर घर आए एक फौजी ने मामूली विवाद के बाद अपने ही माता-पिता पर गोली चला दी। घटना में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि मां को भी गोली छूकर निकलने से चोट आई है। पिता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक बताई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, हरप्रीत सिंह सेना में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात है और हाल ही में छुट्टी पर अपने घर जोगी नगर लौटा था। परिजनों के मुताबिक, घर आने के बाद से ही उसका व्यवहार असामान्य था और वह अक्सर माता-पिता व अन्य रिश्तेदारों से विवाद करता रहता था। गुरुवार रात उसका अपने पिता दलजीत सिंह और मां परमजीत कौर के साथ किसी मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया।

बताया जा रहा है कि विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और गुस्से में आकर हरप्रीत सिंह ने पहले अपने माता-पिता के साथ मारपीट की। इसके बाद भी जब उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाल ली और दोनों पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही दोनों जमीन पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोली चलाने के बाद भी आरोपी ने अपने पिता के साथ मारपीट जारी रखी।

घटना के दौरान चली एक गोली मां के चेहरे को छूते हुए निकल गई, जिससे उन्हें हल्की चोट आई। वहीं दूसरी गोली पिता दलजीत सिंह की बाजू में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तुरंत दोनों घायलों को पहले सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मामले की सूचना मिलते ही जोगी नगर कैनाल कॉलोनी पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपी की लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरजोत सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है और उसका इलाज चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, घायल दलजीत सिंह के बयान दर्ज किए जाएंगे और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने लाई जा सके।

इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और परिवार के भीतर हुए इस हिंसक विवाद ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

# दिनदहाड़े सरपंच की गोलियां मारकर हत्या

## पांच हमलावरों ने वारदात को दिया अंजाम

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



मोगा में शुक्रवार को दिनदहाड़े सरपंच हैप्पी की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। बाघा पुराना में फॉर्च्यूनर गाड़ी में आए 5 हमलावरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब हैप्पी अपने जिम जा रहे थे। करीब 10 से 12 राउंड फायरिंग की गई, जिसमें से 8 गोलियां सरपंच को लगी। गोलियां लगने से हैप्पी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। मोगा के एसएसपी अजय गांधी ने घटनास्थल का जायजा लिया और पुलिस टीमों को जांच के आदेश दिए। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही पुलिस**

एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। डीएसपी दलबीर सिंह संधू ने बताया कि सुबह 11 बजे फायरिंग हुई। परिवार के बयान अभी दर्ज नहीं हुए हैं। जो कार्रवाई बनती है, वो की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 5 लोग गाड़ी में आए थे, जिसमें 3 ने उतरकर सरपंच पर फायरिंग की। 2 लोग गाड़ी में ही बैठे रहे।

# असम में सुखोई-30 एमकेआई विमान हादसा, दो आईएएफ पायलटों की मौत

समर न्यूज़ | असम





असम के करबी आंगलोंग जिले के चोकिहोला के पास गुरुवार को एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान क्रैश हो गया, जिसमें भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के दो पायलटों की मौत हो गई। स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुर्गकर गंभीर रूप से घायल हुए और हादसे में उनकी जान चली गई।

आईएएफ ने शुक्रवार सुबह इस दुर्घटना की पुष्टि की। अधिकारियों के अनुसार, विमान जोरत एयरबेस से उड़ान भरने के बाद गायब हो गया और लगभग 60 किलोमीटर दूर दक्षिण में क्रैश हो गया। विमान के साथ 7.42 बजे संपर्क टूट गया, जिसके बाद तथ्य जांचने के लिए आईएएफ की टीम गठित की गई।

सुखोई-30 एमकेआई एक दो-सीटर मल्टी-रोल लंबी दूरी का लड़ाकू विमान है, जिसे रूसी कंपनी सुखोई ने विकसित किया था और अब HAL के तहत भारत में निर्मित किया जाता है। IAF के पास इस जेट का बेड़ा 260 विमानों से अधिक का है। इससे पहले जून 2024 में महाराष्ट्र के नासिक और जनवरी 2023 में ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरने के बाद Su-30 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

यह हादसा Su-30 बेड़े के लिए एक गंभीर घटना है और जांच के बाद दुर्घटना का कारण सामने आएगा।

## चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चारधाम यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। श्रद्धालु अब मोबाइल, कंप्यूटर, मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस वर्ष चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू होगी। उसी दिन यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलेंगे, जबकि 22 अप्रैल को केदारनाथ और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से हरिद्वार और ऋषिकेश सहित कई स्थानों पर शुरू होगा। व्हाट्सएप से पंजीकरण के लिए 8394833833 नंबर पर "Yatra" लिखकर संदेश भेजना होगा। जानकारी के लिए हेल्पलाइन 0135-1364 जारी की गई है।

# जालंधर में मोबाइल न देने पर हमला, महिला की मौत, पहले रेहड़ी पर पिता-पुत्र को पीटा

समर न्यूज़ | जालंधर



जालंधर के सुदामा विहार में मोबाइल फोन न देने पर युवकों ने बेटे और उसके पिता को पीटा। इसके बाद घर पर पथराव किया। इस हमले में महिला को गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ननकाई देवी का बेटा मीट की रेहड़ी लगाता है। उसकी रेहड़ी पर आरोपी युवकों से विवाद हुआ था। सूचना पर पहुँची थाना सात की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

पीड़ित करन ने बताया कि वह सुदामा विहार में चिकन की रेहड़ी लगाता है। रेहड़ी पर तीन से चार युवक आए और उसका फोन मांगने लगे। करन का आरोप है कि ये युवक गांजा बेचने का कारोबार करते हैं। जब उसने फोन देने से इनकार किया तो युवकों ने उसके बेटे को थप्पड़ मार दिया और हंगामा करने लगे। बाद में लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

**देर रात धारदार हथियारों से किया हमला, ईंट पत्थर बरसाए**

करन के अनुसार, देर रात इसी बात को लेकर आरोपियों ने रंजिश में उनके घर पर ईंट-पत्थर और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उनकी माँ ननकाई देवी घायल हो गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। हालाँकि, बाद में उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।

**नशे का काम करते हैं आरोपी**

सुदामा विहार के ही अनिल कुमार ने भी बताया कि आरोपियों ने उनके बेटे से मोबाइल माँगा था। मोबाइल न देने पर बदमाशों ने उनके बेटे पर हमला किया और फिर उनके घर पर भी हमला कर दिया। पीड़ित परिवार ने घटना की शिकायत थाना 7 की पुलिस को दी है। पुलिस ने परिवार के बयानों के आधार पर जाँच शुरू कर दी है।

## चार हवाईअड्डों पर 140 से ज्यादा उड़ानें रद्द

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर भारत की हवाई सेवाओं पर भी पड़ने लगा है। शुक्रवार को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता के हवाईअड्डों से 140 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों के अनुसार इन चारों एयरपोर्ट पर कुल 142 उड़ानों को रद्द करना पड़ा। मुंबई हवाईअड्डे पर सबसे ज्यादा असर देखा गया, जहां 39 प्रस्थान और 34 आगमन सहित कुल 73 उड़ानें रद्द हुईं। वहीं बेंगलुरु हवाईअड्डे पर 33 उड़ानें प्रभावित रहीं, जिनमें 15 प्रस्थान और 18 आगमन शामिल हैं। दिल्ली हवाईअड्डे पर 15 प्रस्थान और 14 आगमन सहित कुल 29 उड़ानें रद्द की गईं। कोलकाता हवाईअड्डे पर भी 7 उड़ानें रद्द हुईं। बताया जा रहा है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मध्य पूर्व के कुछ हवाई क्षेत्र बंद कर दिए गए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर पड़ा है।

# दिल्ली के स्वरूप नगर में सिलेंडर फटने से दो बच्चों समेत सात लोग घायल

समर न्यूज़ | अमृतसर



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पांच आधुनिक पिस्तौलों और एक तेजधार हथियार समेत छह व्यक्तियों , जिनमें एक नाबालिग है, को गिरफ्तार कर सीमा पार से अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान रोहित कुमार (18) निवासी मकबूलपुरा, अमृतसर; करनबीर सिंह उर्फ अजय (24) निवासी गांव काले तरनतारन; जश्नदीप सिंह उर्फ ज्ञानी (18), ओंकार सिंह उर्फ वंश (21) और आकाशदीप सिंह (24), तीनों निवासी गांव मरी मेघा, तरनतारन तथा 16 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है। बरामद किए गए हथियारों में एक .30 बोर, एक 9 एमएम ग्लॉक, एक .30 बोर पीएक्स5, एक 9 एमएम टॉरस और एक 9 एमएम ग्रेटा (पाकिस्तान में निर्मित) तथा 34 जिंदा कारतूस शामिल हैं।

कमिश्नर ऑफ पुलिस (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कार्रवाई के संबंध में विवरण साझा करते हुए कहा कि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने रोहित कुमार को एक नाबालिग समेत काबू कर उनके कब्जे से एक .30 बोर पिस्तौल और एक तेजधार हथियार बरामद किया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार मुलजिमों ने खुलासा किया कि यह अवैध हथियार उन्हें करनबीर उर्फ अजय ने सप्लाई किया था।

उन्होंने आगे बताया कि इस जानकारी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने उक्त मुलजिम को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना मकबूलपुरा अमृतसर में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में गवाह मेघा सिंह की मौत

समर न्यूज़ | मानसा

पंजाब के चर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड मामले में सुनवाई अब तेज हो गई है। इसी बीच मामले से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। इस केस के एक गवाह मेघा सिंह की मौत हो गई है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक दो गवाहों की मृत्यु हो चुकी है, जिससे केस को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान ही यह जानकारी सामने आई कि मामले के एक गवाह मेघा सिंह का निधन हो गया है। गवाह की मौत के बाद अब तक इस केस से जुड़े दो गवाहों की मृत्यु हो चुकी है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मेघा सिंह की मौत किन कारणों से हुई।

अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 मार्च तय की है। इस दौरान बाकी गवाहों के बयान दर्ज किए जाने की संभावना है। इस केस की सुनवाई पर पूरे पंजाब की नजर बनी हुई है क्योंकि यह राज्य के सबसे चर्चित आपराधिक मामलों में से एक है। इस बीच आरोपी अनमोल बिश्नोई को लेकर भी अदालत में एक नई याचिका दाखिल की गई है। अनमोल बिश्नोई के वकील ने अदालत में याचिका दाखिल करते हुए मांग की है कि उसे पंजाब पुलिस के हवाले किया जाए ताकि मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सरकारी वकील को निर्देश दिया है कि वह इस पर अपना जवाब दाखिल करें। इसके बाद ही अदालत इस मामले में आगे कोई फैसला लेगी।

# गेहूं पर 40 और उड़द पर 600 बोनस की घोषणा, किसानों के लिए कई फैसले : सीएम डॉ. मोहन

एजेंसी | भोपाल / मध्य प्रदेश



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के बाद उन्होंने गेहूं और उड़द की खरीदी पर बोनस देने सहित किसानों को राहत देने वाले कई फैसलों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष राज्य में गेहूं खरीदी पर किसानों को 40 प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। इसके साथ ही गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है, ताकि अधिक से अधिक किसान अपना पंजीयन करा सकें और सरकारी खरीदी का लाभ उठा सकें। इसके अलावा उड़द की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने उड़द की खरीदी पर 600 प्रति क्विंटल बोनस देने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि किसान उड़द की खेती अधिक करें, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय का लाभ मिल सके और अगली फसल की तैयारी भी बेहतर ढंग से कर सकें।

डॉ. मोहन यादव ने यह भी कहा कि किसानों की सुविधा के लिए सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसानों को रात में खेतों में सिंचाई करने के दौरान होने वाली परेशानियों और दुर्घटनाओं के खतरे से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना 6,000 की सहायता मिलती है, जबकि मध्य प्रदेश सरकार भी उतनी ही राशि देती है। इस प्रकार पात्र किसानों को कुल 12,000 सालाना सीधे उनके बैंक खाते में मिलते हैं।

हालांकि गेहूं पर बोनस की घोषणा को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के किसान नेता केदार सिरोही ने कहा कि प्रदेश के किसान गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सरकार ने केवल 40 बोनस देने का फैसला किया है। उनके अनुसार इससे किसानों की पूरी मांग पूरी नहीं होती।

## केमिकल फैक्ट्री में धमाका, मजदूर घायल

एजेंसी | रत्नागिरी

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ। मुंबई से लगभग 250 किलोमीटर दूर स्थित 'डॉ. खान इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स' की केमिकल फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह कंपनी स्टील और टेक्सटाइल उद्योगों के लिए सिलिका बेस्ड केमिकल्स का उत्पादन करती है। पुलिस और प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था, लेकिन धमाके की सटीक वजह का खुलासा जांच रिपोर्ट में होगा।

# पंजाब चुनावों में भी कांग्रेस का पूरी तरह सफाया हो जाएगा: हरपाल सिंह चीमा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़





पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा और हरभजन सिंह ईटीओ ने राज्यपाल के अभिभाषण के बहिष्कार के कांग्रेस के फैसले की कड़ी निंदा की है। दोनों मंत्रियों ने कहा कि विपक्ष का सदन में व्यवधान डालना और अनावश्यक नारेबाजी करना राज्य सरकार की विकासात्मक पहलों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस सरकार शराब, रेत और ट्रांसपोर्ट माफिया को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार वित्तीय अनुशासन और राज्य के वास्तविक विकास पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और बिहार में पहले ही हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस पंजाब विधानसभा चुनावों में भी अपने जनविरोधी और दलित विरोधी रवैये के कारण पूरी तरह सफाया हो जाएगी। कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सदन में विपक्ष के व्यवहार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पंजाब के राज्यपाल ने कांग्रेस पार्टी को दो बार बैठने, भाषण सुनने और चर्चा के दौरान अपना जवाब देने के लिए कहा, लेकिन कांग्रेस ने पूरी तरह अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि उनका व्यवहार यह साबित करता है कि उन्हें संवैधानिक मर्यादाओं की कोई परवाह नहीं है।कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि कांग्रेस ने अब तक दलितों, गरीबों और मजदूरों को केवल वोट बैंक समझा। उन्होंने जंडियाला गुरु में 6 फरवरी 2026 को प्रताप सिंह बाजवा द्वारा दलित समुदाय के खिलाफ की गई टिप्पणियों का उदाहरण देते हुए कहा कि यह कांग्रेस की वास्तविक मानसिकता को उजागर करता है।

हरभजन सिंह ईटीओ ने कि जंडियाला गुरु में प्रताप सिंह बाजवा द्वारा दलित समुदाय के खिलाफ की गई टिप्पणियों ने कांग्रेस नेताओं की दलित विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है और कांग्रेस पार्टी के असली चेहरे को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दलित विरोधी नीतियां 2027 के विधानसभा चुनावों में उसके ताबूत की आखिरी कील

**तलाश** लॉटरी एजेंट करवा रहा अनाउंसमेंट

# 30 लाख की लॉटरी विजेता का अभी तक नहीं लगा पता

समर न्यूज़ | बरनाला



पंजाब के बरनाला में 50 रुपये की एक लॉटरी टिकट ने किसी व्यक्ति को 30 लाख रुपये का विजेता बना दिया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि लॉटरी जीतने वाला व्यक्ति अभी तक अपनी इनामी राशि लेने नहीं पहुंचा है। लॉटरी एजेंट पिछले कई दिनों से विजेता की तलाश कर रहा है और उसे जल्द से जल्द सामने आने की अपील कर रहा है। जानकारी के अनुसार बरनाला के रेलवे स्टेशन के बाहर लॉटरी बेचने वाले एजेंट जय शंकर ने 50 रुपये की राज श्री मासिक लॉटरी टिकट एक व्यक्ति को बेची थी। 26 फरवरी को इस मासिक लॉटरी का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें लगभग 5 लाख प्रतिभागियों में से यह टिकट पहले नंबर पर रही और इसके मालिक को 30 लाख रुपये का इनाम मिला। हालांकि परिणाम घोषित होने के बाद से अब तक विजेता सामने नहीं आया है। लॉटरी एजेंट जय शंकर और राज श्री लॉटरी कंपनी के प्रतिनिधि लगातार उस व्यक्ति को खोजने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए बाजारों में लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट करवाई जा रही है और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी साझा की जा रही है। लॉटरी एजेंट ने अपने स्टॉल को सजाकर रखा है और विजेता के स्वागत की तैयारी भी कर रखी है। वहां ढोल-नगाड़े बजाए जा रहे हैं ताकि जब भी विजेता आए तो उसका जोरदार स्वागत किया जा सके। एजेंट का कहना है कि वह पिछले कई दिनों से उस व्यक्ति का इंतजार कर रहे हैं।

लुधियाना से पहुंचे राज श्री लॉटरी कंपनी के प्रतिनिधि राज कुमार वर्मा ने बताया कि नियमों के अनुसार विजेता को एक महीने के भीतर अपनी इनामी राशि का दावा करना होता है। यदि निर्धारित समय के अंदर विजेता सामने नहीं आता है तो यह राशि सरकार के खाते में चली जाएगी। इस लिए विजेता को जल्द से जल्द संपर्क करने की अपील की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी बैसाखी के अवसर पर कंपनी द्वारा एक विशेष लॉटरी योजना शुरू की जा रही है, जिसमें 400 रुपये की टिकट पर मर्सिडीज कार जीतने का मौका मिलेगा। कंपनी का उद्देश्य लोगों को अपनी किस्मत आजमाने का अवसर देना है।

दूसरी ओर कंपनी की टीम ने बरनाला पहुंचकर लॉटरी एजेंट जय शंकर को भी सम्मानित किया। उन्हें कमीशन के रूप में एक लाख रुपये का चेक दिया गया। इस अवसर पर मिठाइयां बांटी गईं और खुशी में केक भी काटा गया। जय शंकर ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से बरनाला रेलवे स्टेशन के बाहर लॉटरी बेचने का काम कर रहे हैं। पहले भी उनकी बेची हुई टिकटों पर कई लोगों ने 5 लाख रुपये तक के इनाम जीते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही 30 लाख का विजेता सामने आएगा और अपनी इनामी राशि प्राप्त करेगा।

# ईरान पर हमलों के बाद भारत पूरी तरह सतर्क, हवाई अड्डे हैं हाई अलर्ट मोड पर

## नागरिक उड्डयन मंत्रालय की समीक्षा बैठक; तेहरान से छात्रा ने की तत्काल निकासी की अपील

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों पक्षों के बीच लगातार हो रहे हमलों से क्षेत्र में तनाव चरम पर है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में अंतरराष्ट्रीय हवाई संचालन पर युद्ध के संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभी संबंधित हितधारक मौजूद रहे। देशभर के हवाई अड्डों, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय गेटवे को संभावित उड़ान डायवर्जन, अनियोजित लैंडिंग और यात्रियों की सुविधा से जुड़ी आवश्यकताओं के प्रबंधन के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया है। समीक्षा बैठक में कुछ क्षेत्रों में



लागू हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और नोटिस के मद्देनजर यात्री सुरक्षा, परिचालन की निरंतरता और वास्तविक समय समन्वय सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि किसी भी आपात स्थिति—चाहे वह भारतीय विमानन कंपनियों से जुड़ी हो या विदेशों में मौजूद भारतीय नागरिकों से—के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि उचित समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। इस बीच, मिडिल ईस्ट में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें कई छात्र तेहरान समेत ईरान के विभिन्न शहरों में मौजूद हैं। ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच तेहरान में रह रही एक भारतीय छात्रा ने केंद्र सरकार से तत्काल निकासी की अपील की है। छात्रा ने कहा, "मैं एक भारतीय छात्रा हूं और इस समय तेहरान में हूं। यहां के हालात बेहद खराब हैं। हमें नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है। कृपया हमें जल्द से जल्द यहां से निकाल लिया जाए।"

उन्होंने आगे कहा कि वह सरकार और विदेश मंत्रालय की ओर से उनकी सुरक्षा को लेकर हो रही बातचीत के लिए आभारी हैं, लेकिन ऐसे समय में तेजी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि लगातार हो रहे हवाई हमलों के कारण स्थिति अत्यंत भयावह है और वे ठीक से बोल भी नहीं पा रही हैं। फिलहाल छात्रों को वहां से निकालने की कोई आधिकारिक योजना घोषित नहीं की गई है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि क्षेत्र का हवाई क्षेत्र बंद है। एअर इंडिया और इंडिगो पहले ही मिडिल ईस्ट से आने-जाने वाली अपनी उड़ानें निलंबित कर चुके हैं।

### फर्जी सेंटरों और दलालों से मिलेगी राहत, यूआईडीएआई की पहल

# गूगल मैप्स पर दिखेंगे अधिकृत आधार केंद्र

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

आधार कार्ड में अपडेट कराने के लिए सही केंद्र ढूंढना अब पहले जितना मुश्किल नहीं रहेगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और गूगल की नई साझेदारी ने आम लोगों की बड़ी परेशानी दूर कर दी है। अब गूगल मैप्स पर आपके आसपास के केवल सत्यापित आधार केंद्र ही दिखाई देंगे, जिससे फर्जी सेंटरों और दलालों के जाल से बचना आसान होगा। सरकार इसे डिजिटल सुविधा की दिशा में एक बड़ा कदम मान रही है। इस पहल के तहत यूआईडीएआई ने अपने अधिकृत आधार केंद्रों का डाटाबेस गूगल मैप्स के साथ एकीकृत किया है। अब मैप्स पर दिखाई देने वाली लोकेशन सरकारी रिकॉर्ड से मेल खाएगी, जिससे गलत पते पर पहुंचने की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी। यह कदम डिजिटल सेवाओं को अधिक भरोसेमंद और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



- **अब सही आधार केंद्र ढूंढना हुआ आसान** – नई सुविधा का उपयोग करना बेहद सरल है। उपयोगकर्ता को गूगल मैप्स खोलकर अपने आसपास आधार केंद्र खोजने होंगे। मैप पर दिखाई देने वाले पिन में से सत्यापित या अधिकृत चिह्न वाले केंद्र का चयन किया जा सकता है। किसी केंद्र पर टैप करते ही वहां की समय-सारिणी, कार्यदिवस और उपलब्ध सेवाओं की पूरी जानकारी स्क्रीन पर दिखाई देगी।
- **फर्जी केंद्रों और दलालों पर लगेगी रोक** – इस साझेदारी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब फर्जी आधार केंद्रों की संभावना काफी कम हो जाएगी। पहले गलत लोकेशन के कारण लोग ठगी का शिकार हो जाते थे। कई स्थानों पर दलाल अधिक पैसे वसूलते थे और लोगों का समय भी बर्बाद होता था। अब मैप्स पर केवल सरकारी मान्यता प्राप्त बैंक, डाकघर और सरकारी कार्यालयों में संचालित केंद्रों की प्रमाणित जानकारी ही दिखाई जाएगी।
- **गोपनीयता और डेटा सुरक्षा पर विशेष ध्यान** – यूआईडीएआई और गूगल ने स्पष्ट किया है कि इस सुविधा में उपयोगकर्ताओं की निजी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। गूगल मैप्स केवल स्थान दिखाने का माध्यम होगा। किसी भी उपयोगकर्ता का आधार नंबर, बायोमेट्रिक या अन्य व्यक्तिगत डेटा साझा नहीं किया जाएगा। सुविधा के साथ सुरक्षा का संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है।

**क्यों जरूरी की यह पहल**

भारत में हर महीने करोड़ों लोग आधार से जुड़े कार्यों के लिए केंद्रों पर जाते हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों या नए शहरों में रहने वालों के लिए सही केंद्र ढूंढना चुनौतीपूर्ण होता था। चूंकि गूगल मैप्स अब व्यापक रूप से उपयोग में है, इसलिए इसे सबसे प्रभावी मंच माना गया। उम्मीद है कि इस कदम से लोगों का समय बचेगा और आधार सेवाएं अधिक पारदर्शी तथा सुगम बनेंगी।

# आसमान से आया सटीक वार: तेहरान पर 'गुप्त अभियान' की पूरी कहानी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

28 फरवरी की सुबह तेहरान सामान्य दिनों की तरह जाग रहा था, लेकिन कुछ ही घंटों में घटनाओं ने इतिहास बदल दिया। ईरान के 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई राजधानी के पाश्चर स्ट्रीट स्थित उच्च-सुरक्षा नेतृत्व परिसर में एक अहम बैठक के लिए पहुंचे थे। इजरायली हमलों की आशंका के चलते वे पिछले कई हफ्तों से भूमिगत बंकर में रह रहे थे, पर उस दिन वे सार्वजनिक परिसर में मौजूद थे। उन्हें अंदाजा नहीं था कि कुछ ही देर में एक सटीक हवाई हमले में उनकी जान चली जाएगी।

हमले का हथियार पारंपरिक युद्धक्षेत्र से नहीं, बल्कि आसमान की ऊंचाइयों से आया। इजरायली लड़ाकू विमान से दागी गई 'ब्लू स्पैरो' नामक लंबी दूरी की मिसाइल ने अर्ध-बैलिस्टिक प्रक्षेपवक्र अपनाया—पहले ऊंचाई की ओर उड़ी, फिर अत्यधिक गति से नीचे लौटकर लक्ष्य पर आ गिरी। टक्कर इतनी सटीक और शक्तिशाली थी कि परिसर में मौजूद कई वरिष्ठ अधिकारी भी मारे गए।

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई एक संयुक्त इजरायली-अमेरिकी मिशन का हिस्सा थी, जिसे महीनों की खुफिया तैयारी और डिजिटल निगरानी के बाद अंजाम दिया गया। इजरायल की सिग्नल इंटेलिजेंस इकाई "यूनिट 8200" ने वर्षों तक सुरक्षा पैटर्न, संचार नेटवर्क और परिसर के आसपास लगे कैमरों की गतिविधियों का विश्लेषण किया। ट्रैफिक कैमरों और निगरानी प्रणालियों से मिली जानकारी के आधार पर नेतृत्व की आवाजाही का विस्तृत नक्शा तैयार किया गया।

बताया जाता है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA को हमले से पहले सूचना मिली थी कि उस सुबह शीर्ष नेतृत्व की एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। खामेनेई की मौजूदगी की पुष्टि होते ही रणनीति बदली गई और रात के बजाय सुबह हमला करने का निर्णय लिया गया, ताकि एक ही समय में कई शीर्ष अधिकारियों को निशाना बनाया जा सके।

ईरान को गुमराह करने के लिए हमले से पहले भ्रामक संकेत भी दिए गए। इजरायली रक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े स्रोतों ने ऐसी तस्वीरें और सूचनाएं जारी कीं जिनसे लगा कि वरिष्ठ कमांडर सप्ताहांत अवकाश पर जा रहे हैं। जबकि असल में ऑपरेशन की अंतिम तैयारियां गुप्त रूप से जारी थीं।

हमले के दौरान करीब 30 मिसाइलें दागी गईं। कुछ ने सीधे बैठक स्थल को निशाना बनाया, जबकि अन्य ने आसपास की इमारतों को क्षतिग्रस्त किया। 'ब्लू स्पैरो' जैसी उन्नत मिसाइलों की खासियत है कि वे वायुमंडल से बाहर जाकर दुश्मन की वायु-रक्षा प्रणाली को चकमा देती हैं और प्रतिक्रिया का समय बेहद कम कर देती हैं।

इस घटना ने न केवल क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचाया, बल्कि आधुनिक युद्ध में तकनीक, खुफिया समन्वय और रणनीतिक भ्रामक अभियानों की भूमिका को भी उजागर कर दिया।

## यूपी में 200 करोड़ रुपये का जर्मन निवेश

लखनऊ | उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में 200 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एक जर्मन रेल अवसंरचना कंपनी के साथ समझौते की घोषणा की है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनी में कंपनी के विनिर्माण संयंत्र का दौरा किया और रेलवन जीएमबीएच के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मौर्य के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने उन्नत रेल पटरी प्रौद्योगिकियों और आधुनिक कंक्रीट स्लीपर निर्माण प्रणालियों का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को समझने के लिए कंपनी के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा भी की।

### हाईकोर्ट ने वैकल्पिक स्थान पर विचार करने को कहा, सरकार ने पास की मस्जिदों में जाने की दी सलाह

# मुंबई एयरपोर्ट पर टैक्सी चालकों को नमाज की अनुमति सुरक्षा कारणों से खारिज

समर न्यूज़ | मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट के बाहर शेड बनाकर नमाज अदा करने की टैक्सी और कैब चालकों की मांग को सुरक्षा कारणों से खारिज कर दिया गया है। राज्य सरकार और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि एयरपोर्ट परिसर के बाहर इस प्रकार की अनुमति देना संभव नहीं है। मामले की सुनवाई के दौरान मुंबई उच्च न्यायालय ने एमएमआरडीए से जवाब तलब किया था। अपने हलफनामे में एमएमआरडीए ने कहा कि एयरपोर्ट पर नमाज की अनुमति देना किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है। राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि



टैक्सी और कैब चालक पास की मस्जिदों में जाकर नमाज अदा कर सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को निर्धारित की गई है।

सरकार ने अदालत में स्पष्ट किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उच्च सुरक्षा क्षेत्र है। रमजान और अन्य दिनों में एयरपोर्ट के बाहर शेड बनाकर बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति देने से सुरक्षा जोखिम बढ़ सकता है। एयरपोर्ट और आसपास के इलाके की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस पर है और संभावित खतरे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, प्रतिदिन पांच वक्त की नमाज में 1500 से 2000 लोग शामिल होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में दिन में पांच बार लोगों का एकत्र होना सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

- **कोर्ट का निर्देश: वैकल्पिक स्थान पर विचार** – न्यायमूर्ति बी.पी. कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पुनिवाला की खंडपीठ ने राज्य सरकार और एमएमआरडीए को निर्देश दिया कि सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट परिसर के भीतर किसी वैकल्पिक स्थान की संभावना पर विचार किया जाए, ताकि रमजान के दौरान चालक और यात्री नमाज अदा कर सकें। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि केवल रमजान महीने के दौरान अस्थायी अनुमति देने के विकल्प पर विचार किया जा सकता है और बाद में स्थान को पूर्व स्थिति में बहाल किया जा सकता है।

**पास में मौजूद हैं मस्जिदें**

एयरपोर्ट प्रबंधन ने दलील दी कि प्रस्तावित स्थान के पास 3 मस्जिदें हैं। इनमें से एक मस्जिद लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर है, जहां पैदल करीब 13 मिनट में पहुंचा जा सकता है। दूसरी मस्जिद लगभग 1.3 किलोमीटर दूर है, जबकि तीसरी मस्जिद 3 से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सरकारी पक्ष ने कहा कि चूंकि चालकों के पास अपनी-अपनी गाड़ियां हैं, इसलिए वे आसानी से नजदीकी मस्जिदों में जाकर नमाज अदा कर सकते हैं।

# 2025 में 3.27 करोड़ भारतीयों ने किया विदेश दौरा, नया रिकॉर्ड कायम

### बढ़ती आय, बेहतर कनेक्टिविटी और इंटरनेशनल छुट्टियों की चाह ने बढ़ाया आउटबाउंड ट्रैवल का ट्रेंड

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत में लोगों के बीच घूमने का शौक लगातार बढ़ता जा रहा है। जहां पहले दुनिया भर से पर्यटक भारत आते थे, वहीं अब भारतीय भी बड़ी संख्या में विदेश यात्रा कर रहे हैं। हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में विदेश घूमने वाले भारतीयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बढ़ती आय, बेहतर हवाई संपर्क और अंतरराष्ट्रीय छुट्टियों के प्रति बढ़ती रुचि ने इस रुझान को और मजबूत किया है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2025 में 3.27 करोड़ भारतीयों ने विदेश यात्रा की, जो अब तक का सबसे



बड़ा रिकॉर्ड है। यह संख्या 2024 के 3.08 करोड़ डिपार्चर से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा अब परिवारों और कामकाजी पेशेवरों की प्राथमिकता बनती जा रही है। 2025 में तीन देश भारतीय यात्रियों के बीच सबसे लोकप्रिय रहे। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और थाईलैंड।

- **भारतीयों को क्यों भा रहा है संयुक्त अरब अमीरात**

पिछले वर्ष भारतीय यात्रियों के लिए संयुक्त अरब अमीरात सबसे पसंदीदा विदेशी गंतव्य रहा। विदेश जाने वाले हर 100 भारतीयों में से 26 से अधिक ने इस देश का रुख किया।

संयुक्त अरब अमीरात भारत के सबसे नजदीकी विदेशी देशों में से एक है, जिससे यात्रा कम समय और कम खर्च में संभव हो जाती है। भारत और दुबई तथा अबू धाबी जैसे शहरों के बीच नियमित और किफायती उड़ानें उपलब्ध हैं। यहां बड़े शॉपिंग फेस्टिवल, समुद्र तट, थीम पार्क और लग्जरी होटल परिवारों, कपल्स और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।

- **धार्मिक और रोजगार कारणों से सऊदी अरब की ओर रुझान**

विदेश जाने वाले हर 100 भारतीयों में से लगभग 10 ने सऊदी अरब की यात्रा की। भले ही यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कम रही हो, फिर भी बड़ी संख्या में भारतीय वहां जाते हैं।

कई भारतीय उमरा और अन्य धार्मिक यात्राओं के लिए सऊदी अरब जाते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में भारतीय वहां रहकर काम करते हैं, जिनसे मिलने उनके परिवारजन अक्सर यात्रा करते हैं। भारत और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं, जिससे वहां यात्रा करना भारतीयों के लिए सहज और सुविधाजनक बन जाता है।

**मौज-मस्ती के लिए पहली पसंद बना थाईलैंड**

2025 में थाईलैंड भारतीय यात्रियों के लिए तीसरा सबसे लोकप्रिय देश रहा। विदेश घूमने वाले हर 100 भारतीयों में से लगभग 7 ने इस देश को चुना। थाईलैंड एक किफायती, सुंदर और ऊर्जा से भरपूर पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां के समुद्र तट, जीवंत स्ट्रीट मार्केट और आकर्षक नाइटलाइफ पर्यटकों को खासा लुभाते हैं। यह परिवारों, कपल्स और दोस्तों के समूहों के लिए बजट अनुकूल विकल्प है। छोटी उड़ान अवधि, स्वादिष्ट भोजन, खरीदारी और सांस्कृतिक अनुभव इसे छोटी छुट्टियों के लिए आदर्श बनाते हैं। इन तीन देशों के अलावा सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन और मलेशिया भी भारतीय यात्रियों की पसंद में शामिल रहे हैं। जैसे-जैसे वैश्विक संपर्क और मजबूत होगा, आने वाले वर्षों में भारत दुनिया के सबसे प्रभावशाली आउटबाउंड ट्रैवल बाजारों में अपनी स्थिति और सुदृढ़ करता नजर आएगा।

**Good DAY**

समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए।

**सुकृति शर्मा**
**एंटरप्रेन्योर**

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### 2026 में 15 नए जहाज शामिल करने की योजना, 2047 तक पूर्ण आत्मनिर्भर बल बनने का लक्ष्य

# 2035 तक भारतीय नौसेना में होंगे 200 युद्धपोत: एडमिरल दिनेश

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना का लक्ष्य वर्ष 2035 तक 200 से अधिक जहाजों वाले शक्तिशाली नौसैन्य बल के रूप में विकसित होना है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2026 में लगभग 15 अतिरिक्त जहाजों को नौसेना में शामिल करने की योजना है। चेन्नई बंदरगाह पर भारतीय नौसेना के नए पोत आईएनएस अंजदीप को सेवा में शामिल किए जाने के बाद नौसेना प्रमुख ने कहा कि दीर्घकालिक लक्ष्य पोत निर्माण में घटक स्तर तक पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना और वर्ष 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर नौसैन्य बल बनना है। उन्होंने कहा



कि नौसेना की अभियान क्षमता हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे तक विस्तारित है। नौसैन्य इकाइयां लगातार निगरानी, जलदस्यु रोधी अभियानों और समन्वित गश्त में तैनात रहती हैं, जो भारत की निरंतर उपस्थिति और विश्वसनीय अभियान क्षमता को दर्शाती है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा अब 'मेक इन इंडिया' से आगे बढ़कर 'ट्रस्ट इन इंडिया' तक पहुंच चुकी है। इसे केवल रणनीतिक आवश्यकता नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा में निवेश के रूप में भी देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ऑर्डर किए गए सभी 50 जहाजों का निर्माण विभिन्न भारतीय शिपयार्ड में किया जा रहा है। 2035 तक 200 से अधिक जहाजों वाली नौसेना बनने की दिशा में बढ़ते हुए, लक्ष्य आत्मनिर्भरता को घटक स्तर तक ले जाना और 2047 तक पूर्णतः आत्मनिर्भर बल का निर्माण करना है।

**2025 में 13 युद्धपोत शामिल, 2026 में बनेगा नया रिकॉर्ड**

नौसेना प्रमुख ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान नौसेना में 12 युद्धपोत और एक पनडुब्बी शामिल की गई। यह गति आगे भी जारी रहेगी और 2026 में लगभग 15 नए जहाजों को शामिल करने की योजना है। यह उपलब्धि भारतीय नौसेना के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेगी।

**आईएनएस अंजदीप की विशेषताएं**

आईएनएस अंजदीप उथले पानी में संचालन करने वाले 16 पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों में से चौथा है। यह विशेष रूप से पूर्वी तटीय और समुद्री क्षेत्रों में भारत की पनडुब्बी रोधी क्षमता को मजबूत करेगा। यह युद्धपोत अत्याधुनिक सोनार प्रणाली, हल्के टॉरपीडो, पनडुब्बी रोधी रॉकेट और उन्नत युद्ध प्रबंधन प्रणाली से सुसज्जित है, जिससे समुद्री सुरक्षा और निगरानी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## गिग वर्कर्स के लिए बनेगा नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड

मुंबई | गिग वर्कर्स के लिए जल्द नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड बनेगा। महाराष्ट्र के श्रम मंत्री आकाश फंडकर ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने गिग और प्लेटफार्म कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए सोशल सिक्योरिटी कोड पेश किया है। जिसमें गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड गठित करने का प्रविधान है। मंत्री ने विधानसभा को जानकारी दी कि यह बोर्ड गिग वर्कर्स को स्वास्थ्य देखभाल, बीमा और पारिवारिक कल्याण लाभ प्रदान करेगा। केंद्र ने सभी राज्यों को कोड के प्रविधानों का पालन करने और लागू करने का निर्देश दिया है।

# हरियाणा में यूपी से आये अपराधियों का पलवल CIA ने किया एनकाउंटर, दो के पैर में लगी गोली

## डीएसपी ने दोहराई जीरो टॉलरेंस नीति, लूटने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया, रिमांड पर लेकर होगी पूछताछ

सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़





पुलिस गिरफ्त में अपराधियों के दो साथी एवं इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती एनकाउंटर के घायल हुए आरोपी । - समर न्यूज़

पलवल सीआईए पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट के चार बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। दो आरोपियों के पैर में लगी गोली, आरोपियों से दो अवैध देशी कट्टा, दो कारतूस, चार चले हुए खोल कारतूस बरामद किए गए है।

डीएसपी मुख्यालय पलवल अनिल कुमार ने आज प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने गांव थंथरी में हथियार के बल पर की गई लूट वारदात में शामिल चारों आरोपियों को मुठभेड़ में अवैध हथियारों सहित धर दबोचने में विशेष सफलता हासिल की है। मुठभेड़ में काबू किए गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रोहित और रंजीत, पुष्पेंद्र और अनुराग के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि रोहित से एक देशी कट्टा, दो खाली खोल ,रणजीत से एक देशी कट्टा, दो खाली खोल, पुष्पेंद्र से एक जिन्दा कारतूस, मोबाईल,अनुराग से एक जिंदा कारतूस व एक मोबाइल बरामद किया गया है।

आपराधिक रिकार्ड मुताबिक आरोपी रोहित के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में लूट, डकैती जानलेवा हमला तथा अवैध हथियार रखने के 7 संगीन मामले अंकित हैं। आरोपी रंजीत के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी का सामान रखने तथा अवैध हथियार रखने के 2 संगीन मामले अंकित हैं। अन्य दोनों का भी आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों पुष्पेंद्र व अनुराग से जिला में हो रही लूट वारदातों के खुलासा होने की संभावना है जिन्हें पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। डीएसपी अनिल कुमार ने कहा कि अपराध पर पलवल पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति। किसी भी हाल में अपराध व अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मां काली के नाम पर नॉनवेज स्टॉल पर तोड़फोड़

## स्टॉल के नाम को लेकर विवाद, पोस्टर फाड़े और संचालक को दी गई चेतावनी

समर न्यूज़ | फरीदाबाद



फरीदाबाद के सेक्टर-11 में मां काली के नाम पर लगाए गए नॉनवेज स्टॉल पर कथित हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की। वायरल वीडियो में यह देखा जा सकता है कि स्टॉल पर हमला करने वालों में हरियाणा का ही एक कॉमेडियन यूट्यूबर गिरधर शर्मा भी शामिल था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विवाद स्टॉल का नाम "मां काली" रखने के कारण शुरू हुआ। खुद को हिंदू संगठन का सदस्य बताने वाले युवकों ने स्टॉल संचालक को धमकाया और स्टॉल पर लगे पोस्टर फाड़ दिए। वीडियो में आरोपियों को रेहड़ी वाले पर चिल्लाते और उसकी दुकान पर तोड़फोड़ करते देखा जा सकता है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि स्टॉल संचालक ने इस मामले में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई। जानकारी के अनुसार, स्टॉल संचालक स्वयं भी हिंदू हैं और उन्होंने विवाद के बावजूद मामला पुलिस तक नहीं पहुंचाया। वायरल वीडियो में गिरधर शर्मा को स्टॉल पर आकर पोस्टर हटाते और दुकान संचालक को चेतावनी देते हुए देखा गया। यूट्यूबर का कहना है कि स्टॉल पर देवी मां के नाम पर नॉनवेज रखा गया था, जो उन्हें दो दिन पहले ही हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन स्टॉल संचालक ने आगाह को नजरअंदाज किया। इस घटना ने सोशल मीडिया पर भी बहस छेड़ दी है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने स्टॉल और यूट्यूबर की हरकतों पर विरोध जताया। पुलिस ने फिलहाल किसी तरह की कार्रवाई की पुष्टि नहीं की है।

# अंबाला में 40 वर्षीय व्यक्ति ने फंदा लगाया

## पैसों के लेन-देन को लेकर पिछले कुछ समय से परेशान चल रहा था

समर न्यूज़ | अंबाला



अंबाला शहर के रतनगढ़ इलाके में 40 वर्षीय व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मोहित ने अपने घर के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस समय चला जब उसकी पत्नी निशा कमरे में पहुंची और उसे पंखे से लटका हुआ देखा। इसके बाद उसने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

जांच अधिकारी एसआई सुशील कुमार के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोहित कपड़ा मार्केट में एक दुकान पर पैसों के लेन-देन को लेकर पिछले कुछ समय से परेशान चल रहा था। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और करीब 10 वर्षीय बेटी को छोड़ गया है। पुलिस सुसाइड नोट और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सुसाइड नोट में कुछ लोगों के नाम भी लिखे गए हैं, हालांकि पुलिस ने फिलहाल इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

# अंबाला में महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिता

समर न्यूज़ | अंबाला

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और माई भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सेक्टर 10 स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग की महिलाएं और लड़कियां शामिल होंगी। पहला आयु वर्ग अंडर 13, दूसरा 13 से 18 वर्ष और तीसरा 18 वर्ष से ऊपर है। इच्छुक महिलाएं mybharat.gov.in के माध्यम से पंजीकरण कर सकती हैं। जो पंजीकरण ऑनलाइन नहीं कर पातीं, वे कार्यक्रम के दिन अपने दस्तावेजों के साथ स्थल पर भी रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। एमिनेंट पर्सन मेरा युवा भारत अर्पित अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 1000 महिलाएं और लड़कियां भाग लेंगी।

# हिसार में सरकारी स्कूल की शिक्षिका से छेड़छाड़

## दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे, जेबीटी शिक्षक पर आरोप

समर न्यूज़ | हिसार

शहर के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षिका ने अपने ही स्कूल में तैनात एक जेबीटी शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि घटना के बाद उस पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया और पुलिस ने भी उचित कार्रवाई नहीं की।

पीड़िता के अनुसार वह शहर के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में अध्यापन कार्य करती है। छुट्टी के बाद वह अपना पर्स लेने के लिए स्कूल कार्यालय के पास स्थित कमरे में गई थी। इसी दौरान वहां पहुंचे एक शिक्षक ने उसके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। महिला शिक्षिका ने बताया कि उसने जोर-जोर से शोर मचाया। उसी समय उसका पति उसे लेने के लिए स्कूल पहुंच गया। जब उसका पति पीछे के दरवाजे से कमरे में दाखिल हुआ तो आरोपी शिक्षक घबरा गया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी और सदर थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई। महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी शिक्षक, उसकी पत्नी, शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारी और अन्य लोग उसके घर पहुंचे और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया। महिला का कहना है कि दबाव में उससे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी करवा लिए गए।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने दोबारा शिकायत दी तो पुलिस ने भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं की और उसे चौकी बुलाकर समझौता करने के लिए कहा। महिला का कहना है कि आरोपी शिक्षक अब स्कूल में सहकर्मियों के बीच उसके बारे में झूठी बातें फैला रहा है, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है।

महिला शिक्षिका ने पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक से मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं आरोपित शिक्षक का कहना है कि उसने शिकायतकर्ता और उसके पति के खिलाफ मानहानि की शिकायत दी थी और दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हुआ था, दबाव में नहीं।

# जुलाई में महेश नगर थाने का उद्घाटन

समर न्यूज़ | अंबाला

हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन एवं वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीजी आलोक मित्तल ने शुक्रवार को अंबाला का दौरा किया और महेश नगर पुलिस स्टेशन की नई इमारत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाने का उद्घाटन जुलाई के पहले सप्ताह तक हर हाल में करना सुनिश्चित किया जाए।

अलोक मित्तल ने अंबाला-साहा हाईवे पर निर्माणाधीन बैंक स्क्वेयर और महेश नगर थाने का करीब 30 मिनट तक बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और नक्शे के अनुसार सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फिनिशिंग के काम में तेजी लाई जाए।

# SHO-डॉक्टर विवाद में सस्पेंशन के बाद भी भड़के डॉक्टर

## आपातकालीन सेवाएं बंद, पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित करने की चेतावनी

राकेश कुमार शर्मा | करनाल
समर न्यूज़




करनाल के घरौंडा CHC में SHO और डॉक्टर के बीच हुए विवाद ने अब बड़ा रूप ले लिया है। बीती देर रात करीब 10 बजे करनाल के SP खुद CMO कार्यालय पहुँचे और डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक में डॉक्टरों ने साफ शब्दों में कहा कि केवल सस्पेंशन से बात नहीं बनेगी, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।

- **डॉक्टरों का आरोप - पुलिस अपने अधिकारियों को बचाने में जुटी** : स्टेट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर सुबह ही CMO कार्यालय की ओर से SP करनाल को मेल के माध्यम से शिकायत भेज दी गई थी, लेकिन बीती देर रात तक भी न तो FIR दर्ज हुई और न ही ठोस कार्रवाई की गई। उनका कहना है कि इससे साफ प्रतीत होता है कि पुलिस प्रशासन अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रहा है।

- **सस्पेंशन के बाद भी डॉक्टरों का आक्रोश शांत नहीं**

हालांकि घरौंडा के SHO दीपक कुमार को सस्पेंड कर लाइन हाजिर कर दिया गया है, लेकिन डॉक्टर इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि इस मामले में जो धाराएं बनती हैं, वे गैर जमानती हैं और ऐसे में केवल सस्पेंशन नहीं बल्कि FIR और गिरफ्तारी जरूरी है। यही कारण है कि पुलिस महकमे में भी इस पूरे घटनाक्रम को लेकर हलचल मची हुई है।

- **इतिहास में पहली बार बंद हुई आपात स्वास्थ्य सेवाएं** :

इस विवाद का असर अब स्वास्थ्य सेवाओं पर भी साफ दिखाई दे रहा है। करनाल के नागरिक अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं तक बंद हो गई हैं, जो अब तक के इतिहास में पहली बार हुआ है। जिले के साथ-साथ प्रदेश भर के डॉक्टरों में इस घटना को लेकर गहरा रोष है। डॉक्टरों का कहना है कि किसी क्लास-वन अधिकारी के साथ इस तरह का व्यवहार पहले कभी नहीं हुआ।

### हरियाणा भर में सेवाएं बाधित करने की चेतावनी

डॉक्टर्स एसोसिएशन ने साफ कर दिया है कि जब तक SHO दीपक कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे हरियाणा की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

# दीनदयाल आवास योजना में 760 लाइसेंस जारी

समर न्यूज़ | पंचकूला

दीनदयाल आवास योजना के तहत आवासीय विकास को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। शहरी निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने विधानसभा में जानकारी दी कि वर्ष 2016 से अब तक इस योजना के अंतर्गत 760 लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। इन लाइसेंसों के माध्यम से प्रदेश में 7618.9 एकड़ से अधिक भूमि पर आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। दीनदयाल आवास योजना का उद्देश्य बढ़ती शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए मध्यम वर्ग और आम लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि प्रदेश सरकार गांवों के पारंपरिक तालाबों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए भी कार्य कर रही है।

# एसवाईएल किनारे दिखा 14 फुट लंबा मगरमच्छ

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र



हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के ज्योतिसर गांव के पास सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर में एक विशाल मगरमच्छ दिखाई देने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। राहगीरों और चरवाहों ने नहर किनारे लगभग 14 फुट लंबे मगरमच्छ को देखा और उसका वीडियो बनाकर स्थानीय गोताखोर प्रगट सिंह को भेजा।

बताया जा रहा है कि मगरमच्छ नहर के किनारे धूप सेंकता हुआ नजर आया। उस दौरान आसपास भेड़-बकरियां चरा रहे चरवाहों की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने सुरक्षित दूरी से फोटो और वीडियो बनाकर तुरंत इसकी सूचना गोताखोर प्रगट सिंह को दी। सूचना मिलते ही प्रगट सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही मगरमच्छ तेजी से नहर में उतर गया।

मामले की जानकारी वन्यजीव विभाग को भी दे दी गई है। विभाग ने एहतियात के तौर पर चरवाहों, मछुआरों और आसपास के लोगों को नहर के पास न जाने की चेतावनी जारी की है। साथ ही मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी गई है।

गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि इतने बड़े मगरमच्छ को पकड़ना बिना तैयारी के बेहद जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए पहले नहर में जाल लगाए जाएंगे और पूरी योजना के तहत रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी नहर में 10 से 12 फुट लंबे मगरमच्छ देखे जा चुके हैं। फिलहाल मौसम में हल्की ठंडक के कारण मगरमच्छ धूप सेंकने के लिए बाहर आया होगा। आने वाले चार-पांच दिनों में उसे पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा सकता है।

# बाइक विवाद में बीच-बचाव कर रहे युवक की मौत



समर न्यूज़ | रोहतक

बनियानी गांव में बाइक हटाने को लेकर हुए झगड़े ने एक युवक की जान ले ली। घायल युवक विक्रम उर्फ कल्लू (30) रास्ते में बीच-बचाव करवा रहे थे, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण विक्रम ने पीजीआई में दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, साहिल और उसके साथी सतीश बाइक पर पटवापुर की ओर लौट रहे थे। रास्ते में गांव के युवक निशांत ने बाइक खड़ी कर रखी थी। जब उनसे बाइक हटाने के लिए कहा गया, तो निशांत और उनके परिवार के सात-आठ लोग भी आकर रास्ता रोककर मारपीट करने लगे। इस बीच गांव के बंटी उर्फ मोटी और विक्रम बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया।

मारपीट में लाठी, डंडे और तेजधार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद सभी घायलों को पीजीआई ले जाया गया। एमएलआर रिपोर्ट में विक्रम को छह जगह गंभीर चोटें लगी पाई गईं। डॉक्टरों ने उन्हें अनफिट घोषित किया, लेकिन गंभीर स्थिति के कारण उनकी मौत हो गई।

**बैठक** — गुरुग्राम में सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फोरम के बिज़नेस सेंटर की स्थापना पर चर्चा

# सीएम सैनी ने दिया हरियाणा में निवेश बढ़ाने पर जोर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम के अध्यक्ष प्रसून मुखर्जी ने मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा में निवेश बढ़ाने और सिंगापुर की कंपनियों के साथ व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के निवेशकों और सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम को हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को बेहतर माहौल और सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा निवेश के लिए आने वाले उद्योगपतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है और राज्य में उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। बैठक के दौरान गुरुग्राम में सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम का एक बिज़नेस सेंटर स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। प्रस्ताव के अनुसार इस सेंटर के माध्यम से सिंगापुर की कंपनियों को अपने कार्यालय खोलने और व्यापारिक गतिविधियां संचालित करने में सुविधा मिलेगी।

वहीं फॉरम के अध्यक्ष प्रसून मुखर्जी ने मुख्यमंत्री को सिंगापुर आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि सिंगापुर में निवेशकों के साथ सीधी मुलाकात कर हरियाणा में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम के निवेशक सिंगापुर सरकार के साथ मिलकर हरियाणा में निवेश को लेकर उत्साहित हैं।

इस बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आई 11वीं की छात्रा

समर न्यूज़ | रादौर



हरियाणा के गांव बकाना में एक 16 वर्षीय छात्रा सानिया, जो कक्षा 11वीं की छात्रा है, चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आ गई। इस हादसे में उसकी बायाँ हाथ कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सानिया घर पर अपने परिवार के पशुओं के लिए चारा काट रही थी, तभी अचानक उसका हाथ मशीन के ब्लेड में फंस गया। परिजन तुरंत उसे रादौर के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रादौर सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि घायल छात्रा को प्राथमिक उपचार के दौरान तत्काल ब्लीडिंग को रोका गया। हालांकि घाव गहरा होने के कारण और गंभीर चोट की वजह से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में स्थानांतरण जरूरी था। छात्रा के परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे। परिजन ने बताया कि सानिया की स्थिति फिलहाल स्थिर है, लेकिन उसके इलाज पर विशेषज्ञों की निगरानी जारी है।

स्थानीय निवासी और ग्रामीणों ने कहा कि चारा काटने वाली मशीन के इस्तेमाल के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी इस हादसे का मुख्य कारण रही। उन्होंने माता-पिता और बच्चों को मशीन का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी। अधिकारियों का कहना है कि बच्चों के लिए घरेलू कामों में मशीनों का इस्तेमाल सावधानी से किया जाना चाहिए ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# आनंद शर्मा की नाराजगी पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार बोले कांग्रेस पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया

## आलाकमान सभी पहलुओं पर विचार कर लेता है फैसला, आनंद शर्मा ने कांग्रेस में रहते हुए कई अहम जिम्मेदारियां निभाई

संजू | शिमला
समर न्यूज

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए सियासी हलचल के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की नाराजगी की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस मुद्दे पर हिमाचल प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा कांग्रेस पार्टी के बेहद वरिष्ठ नेता रहे हैं और उन्होंने लंबे समय तक पार्टी तथा देश की सेवा की है। ऐसे में उन्हें पार्टी नेतृत्व से नाराज नहीं होना चाहिए।

प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि आनंद शर्मा ने कांग्रेस में रहते हुए कई अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान से भी राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं और केंद्र सरकार में भी महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने समय-समय पर उन्हें बड़े अवसर दिए हैं और उनका राजनीतिक अनुभव भी काफी व्यापक है।

कृषि मंत्री ने कहा कि राज्यसभा के टिकट को लेकर कई बार मुख्यमंत्री से भी राय ली जाती है और अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर किया जाता है। पार्टी संगठन में हर नेता को समय के साथ अवसर देने की परंपरा रही है। ऐसे में टिकट वितरण को लेकर असंतोष की स्थिति नहीं बननी चाहिए।उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा का संसदीय कार्यकाल और प्रदर्शन हमेशा अच्छा रहा है। वे संसद के



एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में भी जाने जाते हैं। लेकिन पार्टी को कई बार संगठनात्मक संतुलन और भविष्य की रणनीति को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने पड़ते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत इस बार अनुराग शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।

प्रो. चंद्र कुमार ने अनुराग शर्मा को एक ऊर्जावान और युवा नेता बताते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें आगे बढ़ाने का फैसला किया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाईकमान के बीच विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि आनंद शर्मा को गांधी परिवार का हमेशा आशीर्वाद और समर्थन मिलता रहा है। यदि ऐसा नहीं होता तो पिछली बार उन्हें लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया जाता। उस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया।इस दौरान कृषि मंत्री ने केंद्र सरकार पर आपदा राहत को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि पिछले साल आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण हिमाचल प्रदेश में कृषि और बागवानी क्षेत्र को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। राज्य सरकार ने केंद्र से आर्थिक सहायता की मांग भी की थी।उन्होंने बताया कि गगल एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान आपदा से हुए नुकसान की पूरी जानकारी दी गई थी। उस समय विपक्ष के नेता और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी वहां मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने उस दौरान हिमाचल के लिए 1500 करोड़ रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी।

प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि इतनी बड़ी घोषणा के बावजूद अब तक राज्य को कोई वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद प्रधानमंत्री उस घोषणा को भूल गए हैं और अब उन्हें इस बारे में याद दिलाने के लिए पत्र लिखना पड़ेगा।

### परिवार का घर और शादी के लिए जोड़ी रकम जलकर राख

# शिमला की ईदगाह कॉलोनी में भीषण आग

संजू | शिमला
समर न्यूज



राजधानी शिमला से एक दुखद घटना सामने आई है। शहर की ईदगाह कॉलोनी में देर शाम अचानक आग लगने से एक परिवार का आशियाना पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में घर में रखा सारा सामान खाक हो गया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, ईदगाह कॉलोनी में मस्जिद के साथ लगती एक इमारत में अचानक आग भड़क उठी। आग की लपटें उठते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।कुछ ही देर में दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, जब तक आग बुझाई गई, तब तक रशीदा और हफीज़ का कच्चा मकान पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था। राहत की बात यह रही कि दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को आसपास के घरों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।


पीड़ित परिवार के मुताबिक, वे अपने छोटे भाई की शादी के लिए लंबे समय से पैसे जमा कर रहे थे और वह सारी नकदी घर में ही रखी हुई थी। आग लगने के बाद घर में रखा सारा पैसा और सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे के बाद परिवार के पास अब केवल वही कपड़े बचे हैं जो उस समय उन्होंने पहने हुए थे। स्थानीय पार्षद और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं परिवार ने जिला प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

# नशे के खिलाफ संदेश देने को धौलाधार क्रिकेट लीग

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज

जिला कांगड़ा में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से धौलाधार क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में कुल 12 टीमें भाग लेंगी और क्रिकेट के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। वीरवार को धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में गायक कुमार साहिल ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिटटे (नशे) की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो युवाओं और उनके परिवारों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। ऐसे में समाज के हर वर्ग को इस बुराई के खिलाफ एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भी एंटी चिटटा



मुहिम शुरू की है और प्रदेश के कलाकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं।

कुमार साहिल ने बताया कि धौलाधार क्रिकेट लीग के माध्यम से युवाओं तक सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। लीग में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार ग्रुपों में बांटा जाएगा और प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। हर मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरिज के खिताब से सम्मानित किया जाएगा।

# गायक दीवाना का नया भजन रिलीज

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज

हिमाचल प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरती से जुड़े भजन गायक मोहिंदर दीवाना एक बार फिर अपने नए भक्तिमय गीत को लेकर चर्चा में हैं। उनका नया भजन 'शहतलाइयाँ नाम तेरे दी' हाल ही में यूट्यूब पर रिलीज किया गया है, जिसे श्रोताओं से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यह भजन बाबा बालक नाथ के प्रति श्रद्धा और आस्था को समर्पित है। इस भजन को ए एम प्रोडक्शन के बैनर तले तैयार किया गया है। भजन में आधुनिक तकनीक के साथ मधुर संगीत का समावेश किया गया है, जो श्रोताओं को आकर्षित कर रहा है। भजन के बोल प्रसिद्ध गीतकार राधा शर्मा ने लिखे हैं। गीत के माध्यम से बाबा बालक नाथ के प्रति भक्तों की गहरी आस्था और भक्ति भाव को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

# रायसन विहाल में ब्यास किनारे 200 मीटर सुरक्षा दीवार की मांग

## बरसात से पहले काम न हुआ तो 500 बीघा जमीन को खतरा

मनमिंदर अरोड़ा | कुल्लू
समर न्यूज

कुल्लू जिले के मनाली उपमंडल की ग्राम पंचायत रायसन विहाल के ग्रामीणों ने ब्यास नदी के किनारे अधूरा पड़े सुरक्षा कार्य को लेकर प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल कुल्लू फल उत्पादक मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा से मिला और समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2023 और 2025 में आई प्राकृतिक आपदाओं के दौरान ब्यास नदी में आई बाढ़ के कारण गांव के कई घरों और कृषि भूमि को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। बाढ़ के दौरान नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से खेतों की भूमि कटाव का शिकार हुई और




कई स्थानों पर मकानों को भी क्षति पहुंची। इसके बाद प्रशासन की ओर से ब्यास नदी के किनारे प्रोटेक्शन वर्क शुरू किया गया, लेकिन अभी भी करीब 200 मीटर क्षेत्र में सुरक्षा दीवार नहीं लगाई गई है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस हिस्से में जल्द आरसीसी प्रोटेक्शन वॉल नहीं बनाई गई तो आगामी बरसात के दौरान गांव को फिर से बाढ़ का खतरा झेलना पड़ सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मांग की कि बरसात से पहले इस 200 मीटर क्षेत्र में मजबूत आरसीसी सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाए, ताकि गांव के लोगों की जान-माल और कृषि भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कुल्लू फल उत्पादक मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा ने कहा कि 2023 और 2025 की आपदाओं में रायसन विहाल क्षेत्र के लोगों को काफी नुकसान हुआ था। कई किसानों की उपजाऊ भूमि बाढ़ में बह गई और कई घरों को भी क्षति पहुंची। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नदी के किनारे प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन 200 मीटर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अभी भी अधूरा है। अगर इस हिस्से को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आने वाली बरसात में ब्यास नदी में बाढ़ के कारण करीब 500 बीघा भूमि और सैकड़ों मकानों पर खतरा मंडरा सकता है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए।

स्थानीय निवासी गंगा सिंह ने बताया कि पिछले वर्षों में आई बाढ़ के कारण रायसन विहाल में लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा था। उन्होंने कहा कि प्रोटेक्शन वर्क शुरू होने से ग्रामीणों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन जहां 200 मीटर क्षेत्र में सुरक्षा दीवार नहीं बनी है, वहां से बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस हिस्से में भी सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में गांव की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि और कई मकान प्रभावित हो सकते हैं।वहीं, स्थानीय निवासी मंगल चंद नेगी ने भी प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी में आने वाली बाढ़ के कारण पहले ही कई लोगों की जमीन और मकानों को नुकसान हो चुका है। ऐसे में बरसात से पहले नदी किनारे अधूरे पड़े प्रोटेक्शन कार्य को पूरा करना बेहद जरूरी है।ग्रामीणों ने उपायुक्त कुल्लू से मांग की है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द 200 मीटर क्षेत्र में आरसीसी सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाया जाए, ताकि भविष्य में संभावित बाढ़ से गांव और संपत्ति को सुरक्षित रखा जा सके।

# वकील के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

## मंडी के एक अधिवक्ता पर पराशर ऋषि के बारे में अभद्र टिप्पणी का मामला

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज

देवभूमि हिमाचल में एक बार फिर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। मंडी नगर के एक अधिवक्ता पर सोशल मीडिया के माध्यम से महर्षि पराशर पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप लगे हैं। देवता के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने से जनपद में देव समाज एकजुट हो गया है। अभद्र टिप्पणी का यह मामला बीते माह 24-25 फरवरी का बताया जा रहा है।

वीरवार को पराशर ऋषि मंदिर कमेटी और देव संस्कृति संरक्षण संवर्धन समिति ने उक्त मामले पर डीएसपी हेडक्वार्टर को शिकायत पत्र सौंपकर और अधिवक्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। इसके उपरांत मीडिया से रूबरू होते हुए पराशर मंदिर कमेटी प्रधान बलवीर ठाकर ने बताया कि अधिवक्ता ने पराशर ऋषि को आपत्तिजनक शब्दों को संबोधन



करते हुए उनके लिए निचत्तम शब्द का इस्तेमाल किया है। इतना ही नहीं उक्त अधिवक्ता द्वारा राज माधव राय के अलावा सभी देवी देवताओं को तुच्छ श्रेणी के देवी-देवताओं की संज्ञा भी दी गई है। अधिवक्ता की इन टिप्पटियों से जहां श्रद्धालुओं और देव समाज की भावनाएं आहत हुईं, वहीं पूरे क्षेत्र में रोष का माहौल है।

बलबीर ठाकुर ने कहा की हिमाचल देव भूमि है। ऐसे लोग जो देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, प्रशासन और पुलिस को उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। बीते रोज मामले को लेकर स्नोर, बदार, उत्तरशाल और सराज की देव कमेटियों की अहम बैठक भी हुई है । जिसमें सभी ने एकमत से राज्यपाल, प्रदेश सरकार व उच्च अधिकारियों से वकील के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

# धर्मशाला वन मंडल की 50 बीट अति संवेदनशील

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज

सर्दियों में पर्याप्त बारिश न होने और लंबे ड्राईस्पेल के चलते जिला कांगड़ा के धर्मशाला वन मंडल में जंगलों में आग लगने का खतरा बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है और फायर सीजन को लेकर समय से पहले ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विभाग ने 15 मार्च से 15 जून तक स्टाफ की छुट्टियां रद्द करने का निर्णय लिया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। धर्मशाला वन मंडल के तहत आने वाली करीब 70 वन बीटों में से 50 बीट को फॉरेस्ट फायर की दृष्टि से अति संवेदनशील माना गया है। मंडल के अंतर्गत कुल 61 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र आता है, जिसमें से लगभग 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में चीड़ के पेड़ हैं। चीड़ के जंगलों में सूखी पत्तियों और रेजिन के कारण आग बहुत तेजी से फैलने की संभावना रहती है, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। आम तौर पर फॉरेस्ट फायर सीजन 15 अप्रैल से शुरू होता है, लेकिन इस बार बारिश कम होने और सूखे की स्थिति के कारण विभाग ने तैयारियां पहले ही शुरू कर दी हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में धर्मशाला वन मंडल के अंतर्गत जंगलों में आग लगने के इक्का-दुक्का मामले भी सामने आ चुके हैं, जिसके चलते सतर्कता और बढ़ा दी गई है। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि इस बार सर्दियों में केवल एक बार ही बारिश हो पाई है। लंबे समय से सूखा रहने के कारण वन क्षेत्र फायर सीजन के लिहाज से काफी संवेदनशील हो गए हैं। उन्होंने बताया कि वनों में खरसू ओक, खैर और चीड़ जैसे पेड़ बड़ी संख्या में मौजूद हैं और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आग लगने का खतरा बना हुआ है।

# जिला परिषद वार्डों का नया परिसीमन जारी

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज

हमीरपुर जिले में जिला परिषद वार्डों के परिसीमन को अंतिम रूप देते हुए प्रशासन ने नई अधिसूचना जारी कर दी है। अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित परिसीमन के मसौदे पर पहले आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त सभी आपत्तियों और सुझावों की समीक्षा करने के बाद अब वार्डों का अंतिम परिसीमन प्रकाशित कर दिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिला हमीरपुर की कुल 234 ग्राम पंचायतों को जिला परिषद के 19 वार्डों में विभाजित किया गया है। इन पंचायतों की कुल जनसंख्या लगभग 3,85,158 है। पहले जिले में जिला परिषद के 18 वार्ड थे, लेकिन नए परिसीमन के बाद इनकी संख्या बढ़ाकर 19 कर दी गई है।

# राजनीति में आत्म सम्मान की कीमत बड़ी होती है: आनंद

संजू | शिमला
समर न्यूज

हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा का बयान चर्चा में आ गया है। राज्यसभा के लिए उनका नाम घोषित न किए जाने पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे इसे नाराज़गी का मुद्दा नहीं बनाना चाहते, लेकिन राजनीति में आत्मसम्मान की कीमत बहुत बड़ी होती है।

आनंद शर्मा ने कहा कि उम्मीदवार तय करने का अधिकार पार्टी के जिन नेताओं के पास है, वही इस फैसले के पीछे की असली वजह बता सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने लंबे समय तक राज्य और देश की सेवा की है और उन्हें कई दशकों तक जनता का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला, जो उनके लिए गर्व की बात है।उन्होंने यह भी



कहा कि सार्वजनिक जीवन में सच बोलना हमेशा आसान नहीं होता, क्योंकि कई बार सच बोलने को भी गलत समझ लिया जाता है। इसके बावजूद वे हमेशा अपनी बात स्पष्ट रूप से रखते आए हैं और आगे भी ऐसा करते रहेंगे।कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका हिमाचल प्रदेश से भावनात्मक रिश्ता है और वे हमेशा राज्य के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि वे भविष्य में भी जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाते रहेंगे।इस पूरे मामले को लेकर आनंद शर्मा ने साफ किया कि वे इसे पार्टी हाईकमान तक नहीं ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस विषय पर वे किसी से कोई चर्चा करने की भी योजना नहीं बना रहे हैं।

प्रदर्शनी

### कलाकार शुभ्रा गुप्ता ने 100% राशि हारमनी डे केयर सेंटर को देने का लिया संकल्प

# समाज सेवा की मिसाल, प्रदर्शनी की आय विशेष बच्चों के नाम

राहुल चावला | धर्मशाला
समर न्यूज

धर्मशाला स्थित कांगड़ा आर्ट म्यूजियम में आयोजित मंडाला आर्ट प्रदर्शनी कला प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इस प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इसकी पूरी आय विशेष रूप से सक्षम बच्चों की सहायता के लिए दान की जाएगी। रिटायर्ड प्रिंसिपल और कलाकार शुभ्रा गुप्ता ने अपनी मंडाला आर्ट की कृतियों को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया है और इससे होने वाली 100 प्रतिशत राशि हारमनी डे केयर सेंटर में पढ़ने वाले विशेष बच्चों के सहयोग के लिए समर्पित की जाएगी।

प्रदर्शनी के माध्यम से शुभ्रा गुप्ता ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं बल्कि समाज



सेवा का सशक्त जरिया भी बन सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग मंडाला आर्ट की कृतियां खरीदकर इस सराहनीय पहल का हिस्सा बनें, ताकि जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सके।शुभ्रा गुप्ता ने बताया कि उन्हें बचपन से ही कला के प्रति गहरी रुचि थी, लेकिन उस समय संसाधनों की कमी के कारण वह इस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पाईं। अपने पेशेवर जीवन में उन्होंने लंबे समय तक प्राध्यापिका के रूप में सेवाएं दीं और बाद में प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त हुईं। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान उन्होंने अपनी पुरानी रुचि को फिर से जीवित किया और विभिन्न कला शैलियों को सीखना शुरू किया।उन्होंने मधुबनी, स्टोन आर्ट और बॉटल आर्ट जैसी कई विधाओं में काम किया, लेकिन अंततः मंडाला आर्ट से उनका विशेष लगाव बन गया। उनके अनुसार मंडाला आर्ट केवल चित्रकारी नहीं है, बल्कि यह ध्यान और आध्यात्मिक शांति का भी माध्यम है। इस कला को बनाने की प्रक्रिया उन्हें मानसिक सुकून और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है।

जुलाई 2022 में सेवानिवृत्ति के बाद से अब तक वह चार कला प्रदर्शनियां आयोजित कर चुकी हैं। इससे पहले उनकी कृतियां शिमला की गेयटी आर्ट गैलरी और कुल्लू के नग्गर स्थित आर्ट गैलरी में भी प्रदर्शित की जा चुकी हैं, जहां उन्हें कला प्रेमियों से सराहना मिली।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीआईजी नॉर्दर्न रेंज सौम्या ने शुभ्रा गुप्ता की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसी कला प्रदर्शनियां न केवल कलाकारों को मंच प्रदान करती हैं बल्कि हमारी संस्कृति, भाषा और परंपराओं को भी जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी अपने समय का रचनात्मक और सामाजिक कार्यों में उपयोग करना समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

# धारा 118 के बाद अब होटलों से हिमाचल ऑन सेल मुहिम आगे बढ़ा रही सुक्खू सरकार: ठाकुर

समर न्यूज | शिमला

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के आठ प्रमुख होटलों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से निजी ऑपरेटरों को सौंपने के आधिकारिक पत्र के सार्वजनिक होने के बाद प्रदेश की सियासत में उबाल आ गया है, जिसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इसे 'हिमाचल ऑन सेल' की नीति करार दिया है। जयराम ठाकुर ने कड़े शब्दों में आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राज्य के बहुमूल्य संसाधनों की खुली लूट कर रही है और जनसंपदा को अपने खास 'मित्रों' की झोली भरने के लिए निजी हाथों में परोस रही है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश की भूमि, पहचान और



संसाधनों की रक्षा के लिए बनाए गए हिमाचल प्रदेश भू सुधार एवं किराएदारी अधिनियम 1972 की धारा 118 में छूट दिलाने के नाम पर सरकार पहले से हिमाचल ऑन सेल की मुहिम चला रही है। उसमें अब प्रदेश के होटल भी शामिल कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले ही इस बात की आशंका जता चुका था कि सरकार राज्य के सुचारू रूप से चल रहे और लाभप्रद होटलों को जानबूझकर बर्बाद कर उन्हें प्राइवेट सेक्टर को सौंपने की साजिश रच रही है, लेकिन उस समय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि वह ऐसा कभी नहीं होने देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री की कथनी और करनी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पर्यटन विभाग के पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि अब आधिकारिक तौर पर प्रदेश की संपदा को बेचा जा रहा है। उन्होंने दावा किया है कि विभाग द्वारा जारी सूची में बिलासपुर का होटल लेक-व्यू, चिंडी का होटल ममलेश्वर, फागू का होटल एप्पल ब्लॉसम, रोहड़ू का होटल चांशल, कुल्लू का होटल सर्वरी, कसौली का होटल ओल्ड रॉसकॉमन, परवाणू का होटल शिवालिक और खड़ापत्थर का होटल गिरिगंगा शामिल हैं।

# सेक्टर-38 में स्टेट लेवल हॉकी खिलाड़ी तानिया की चाकू मारकर हत्या, मकान विवाद बना कारण

## बुआ के बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर किया हमला, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़





चंडीगढ़ के सेक्टर-38 में एक स्टेट लेवल महिला हॉकी खिलाड़ी तानिया की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, यह वारदात परिवार के भीतर चल रहे पुश्तैनी मकान के विवाद से जुड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार, तानिया की बुआ का बेटा अपने परिवार के साथ मिलकर यह हमला करने आया।

घटना की सूचना मिलने पर सेक्टर-39 थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तानिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता रवि की शिकायत पर बुआ के बेटे और उसके परिवार के छह अन्य सदस्यों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

तानिया, जो हॉकी में स्टेट लेवल खिलाड़ी थीं, शुक्रवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली थीं। पिता रवि ने बताया कि उनके कुल पांच बच्चे हैं और तानिया ग्रेजुएशन कर चुकी थी। वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं और सेक्टर-38 में अपने परिवार के साथ रहती थीं।

रवि के अनुसार, पहली मंजिल पर उनकी बहन अपने बच्चों और अन्य परिजनों के साथ रहती हैं। दोनों परिवारों के बीच मकान को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। गुरुवार दोपहर को भी इसी मुद्दे पर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई तक बढ़ गई। रवि ने बताया कि जब वह अपनी बहन के परिवार को समझाने पहली मंजिल पर गए थे, तो नीचे लौटते समय उनकी बेटी तानिया ऊपर आ रही थी। इसी दौरान कृष्णा, रवि, गंगन, अनिकेत, नवीन और टीना ने मिलकर तानिया पर हमला कर दिया। हमले के दौरान कृष्णा ने तानिया की कमर के पास चाकू से वार किया। गंभीर रूप से घायल तानिया को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तानिया कई बार स्टेट लेवल खेल चुकी थीं और नेशनल प्रतियोगिता की तैयारी कर रही थीं। उनकी मौत की खबर सुनते ही हॉकी टीम के साथी और सदस्य अस्पताल पहुंच गए। तानिया अक्सर पंजाब यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में जूनियर्स को हॉकी सिखाती थीं।

सेक्टर-39 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामदयाल ने बताया कि हत्या में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। इनमें से एक आरोपी मृतक की बुआ का बेटा है, जो नाबालिग है और तीन दिन बाद वह 18 साल का हो जाएगा। दूसरा आरोपी उसका दोस्त है। पुलिस ने दोनों से हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मकान को लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। बुआ का बेटा मकान खाली करवाने आया था, लेकिन इसी विवाद के चलते हाथापाई हुई। इसके बाद चाकू से हमला किया गया, जिससे तानिया का हार्ट पंचर हो गया और उनकी मौत हो गई।

## पुलिस ने बरामद किए 5 मोबाइल, 5 एक्टिवा और 7 मोटरसाइकिलें

# चोरी-स्नैचिंग केस में तीन को किया गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मोहाली



एस.एस.पी. मोहाली हरमंदीप सिंह हांस के निर्देशन और एस.पी. सिटी मोहाली दिलप्रीत सिंह की देखरेख में मोहाली शहर में चोरी और स्नैचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में चोरी की गई संपत्ति बरामद की।

एस.एस.पी. मोहाली के निर्देशानुसार, पुलिस टीम ने 25 फरवरी 2026 को इंडस्ट्रियल एरिया फेज-8, क्लब-72 जिम और कूड़ेदान डंप के पास नाकाबंदी की। इस दौरान गुरबचन सिंह उर्फ बचना, सलमान को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल नंबर CH-01-AN-7651 (होंडा, काला) और मोबाइल फोन (ओपो, सिल्वर) बरामद हुआ। इसके बाद थाना फेज-1 मोहाली में धारा 304, 3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया।

तफ्तीश के दौरान हरमंदीप सिंह उर्फ मनदीप सिंह को भी नामजद कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों से अलग-अलग जगहों से स्नैच की गई और चोरी की गई संपत्ति बरामद की। बरामद वाहन और स्कूटरों में एक्टिवा नंबर PB-10-KC-4235 (सफेद), PB-65-AS-8344 (ग्रे), PB-65-P-3990 (सफेद), PB-65-BB-1765 (हीरो स्प्लेंडर, काला) और DL-3SGB-2120 (नीला) सहित कई वाहन शामिल हैं।

इस बड़ी बरामदगी के बाद मुकदमे में धारा 317(2) बी.एन.एस. जोड़ी गई। कुल बरामदगी में 5 मोबाइल, 5 एक्टिवा और 7 मोटरसाइकिलें शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की तफ्तीश और अन्य संभावित आरोपियों की पहचान जारी है।

# बीजेपी ने मेयर को रोड सुधार के लिए ज्ञापन सौंपा

## सड़क के किनारे सुरक्षित पैदल मार्ग बनाने की भी मांग उठाई

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

नयागांव और चंडीगढ़ के बीच बढ़ते ट्रैफिक जाम और कनेक्टिविटी की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नयागांव-चंडीगढ़ रोड से रेहड़ी अतिक्रमण हटाने, पीक आवर्स में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और सुरक्षित पैदल मार्ग बनाने की मांग उठाई। मेयर सौरभ जोशी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उठाए गए सभी मुद्दों की जांच कर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। बीजेपी नयागांव के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पंजाब बीजेपी के स्टेट मीडिया हेड विनीत जोशी ने किया। प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी नयागांव मंडल के अध्यक्ष भूपिंदर भूपी, पूर्व पार्षद सुरिंदर कौशिश बब्बल, पार्षद प्रमोद और बबलू, महासचिव सुरेश यादव और संजय गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नयागांव के बड़ी संख्या में लोग रोजाना काम के सिलसिले में चंडीगढ़ आते-जाते हैं। इनमें कई लोग पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ प्रशासन और निजी संस्थानों में कार्यरत हैं। इस कारण नयागांव और चंडीगढ़ के बीच सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

### सड़क चौड़ी करने और अतिक्रमण हटाने की मांग

पंजाब बीजेपी के स्टेट मीडिया हेड विनीत जोशी ने बताया कि पीजीआई और पीईसी के रास्ते से गुजरने वाली नयागांव-चंडीगढ़ रोड पर भारी ट्रैफिक जाम रहता है। यह मार्ग एक लाख से अधिक लोगों के लिए मुख्य आवागमन का रास्ता है। उन्होंने सड़क को चौड़ा करने, रेहड़ी-फड़ी के अतिक्रमण हटाने और व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस तैनात करने की मांग की। इसके साथ ही सड़क के किनारे सुरक्षित पैदल मार्ग बनाने की भी मांग उठाई गई, ताकि पैदल चलने वाले लोगों को किसी प्रकार की दुर्घटना का खतरा न रहे। प्रतिनिधिमंडल ने खुड्डा लोहारा पुल के पास मध्य मार्ग से नयागांव को जोड़ने वाली सड़क को चौड़ा करने और पंजाब सिविल सचिवालय के रास्ते आने-जाने वाले मार्ग को बेहतर बनाने की मांग भी रखी। इससे नयागांव, कांसल और खुड्डा अलीशेर के लोगों को राहत मिल सकेगी। इसके अलावा पटियाला की राव के बांध की कमजोर होती स्थिति, पीजीआई-नयागांव रोड पर कूड़ा फेंके जाने की समस्या और मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित 30 मीटर चौड़ी सड़क को जल्द विकसित करने की मांग भी मेयर के सामने रखी गई।

# 'अस्मिता लीग', महिलाओं के लिए दौड़ प्रतियोगिताएं

समर न्यूज़ | मोहाली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिला एस.ए.एस. नगर में "अस्मिता लीग" का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम रत्तन ग्रुप ऑफ कॉलेज, सेक्टर-78, मोहाली में होगा, जिसमें महिलाओं और लड़कियों के लिए विभिन्न आयु वर्गों में दौड़ प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी ईशा गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों—अंडर-13, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग—की प्रतिभागियों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक महिलाएं और लड़कियां खेलो इंडिया के नेशनल स्पोर्ट्स रिपॉजिटरी सिस्टम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकती हैं।

## पिस्तौल के बल पर गार्ड, हेल्पर व दो युवकों को बंधक बनाया

# हथियारबंद लुटेरों ने फैक्ट्री में गार्ड व हेल्पर को बनाया बंधक

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़





(1) सीसीटीवी फुटेज में कैप्चर हथियारों से लैस लुटेरे। (2) जख्मी नाइट पैट्रोलिंग युवक अमन कुमार। - समर न्यूज़

बरवाला रोड स्थित भगवानपुर इंडस्ट्रियल एरिया में बीती रात एक दर्जन हथियारबंद लुटेरों ने सीपी फिटिंग फैक्ट्री में धावा बोल दिया। लुटेरों ने पिस्तौल की नोक पर गार्ड शेर सिंह और हेल्पर दीपक साहू को बंधक बनाया। फैक्ट्री का मुख्य गेट खोलवाने के लिए उन्होंने दोनों से चाबी भी ले ली, जिससे बाकी लुटेरे आसानी से अंदर घुस सके।

इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की प्राइवेट नाइट पैट्रोलिंग की सतर्कता के चलते लुटेरे चोरी में कामयाब नहीं हो सके। हालांकि, पैट्रोलिंग टीम के दो युवकों अमन कुमार और लखविंदर पर लुटेरों ने चाकू और रॉड से हमला किया और उन्हें फैक्ट्री के एक अलग कमरे में बंद कर दिया। जाते समय लुटेरों ने पैट्रोलिंग टीम की नई मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी ले लिए।

फैक्ट्री मालिक रोहित बंसल के अनुसार, वारदात करीब साढ़े बारह बजे हुई। सभी लुटेरे मुंह ढांपे और नंगे पैर थे। मौके पर एक बोलेरो जीप भी बिना नंबर प्लेट के खड़ी मिली। गार्ड शेर सिंह को चोट नहीं आई, लेकिन दीपक साहू गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

एसएचओ इंस्पेक्टर सुमित मोर ने बताया कि पिस्तौल और फायरिंग के निशान की पुष्टि अभी नहीं हुई है। जांच की जा रही है कि पिस्तौल असली थी या नकली। लुटेरों के खिलाफ लूट की नाकाम कोशिश और चोरी के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश जारी है। इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ बैठक कर उन्हें भरोसा दिया गया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

बता दें कि यह इंडस्ट्रियल एरिया में पिछले पांच महीनों में चौथी वारदात है। इससे पहले 13 अक्टूबर को कपिश एंटरप्राइसेज में लाखों रुपये का सामान चोरी हुआ था। 20 जनवरी को प्लंबिंग आइटम्स बनाने वाली आदेश एंटरप्राइजेज में और उसी रात बगल की श्रीटेक मेटल कास्टिंग फैक्ट्री में भी लुटेरों ने वारदात की थी। इन सभी घटनाओं में लुटेरों ने फोर व्हीलर का इस्तेमाल किया था।

इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने इस इलाके में प्राइवेट नाइट पैट्रोलिंग बढ़ाई है। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा के लिए सतर्कता बढ़ाने और वारदातों को रोकने के लिए इस प्रकार की चौकसी अनिवार्य है। पुलिस टीम आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए लगातार काम कर रही है।

इस वारदात ने इलाके के उद्योगपतियों और कर्मचारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

फैक्ट्री मालिकों का कहना है कि प्राइवेट सुरक्षा और पुलिस की मदद से ही ऐसे लूटमार की घटनाओं को रोका जा सकता है।



# जनगणना के पहले चरण की ट्रेनिंग आयोजित

समर न्यूज़ | मोहाली

जिले में आगामी जनगणना प्रक्रिया को सुचारु रूप से करवाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी कड़ी में घर सूचीकरण और हाउसिंग जनगणना से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन जिला और चार्ज अधिकारियों के साथ-साथ नियमित और तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। यह जानकारी अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) गीतिका सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार भारत की 16वीं जनगणना (आजादी के बाद आठवीं) डिजिटल माध्यम से करवाई जाएगी। इसके लिए 30 अप्रैल से 14 मई 2026 तक 'सेल्फ एन्यूमरेशन' के लिए ऑनलाइन पोर्टल खुला रहेगा। इसके बाद 15 मई से 13 जून 2026 तक गणनाकार घर-घर जाकर फील्ड सर्वे करेंगे, जो जनगणना के पहले चरण का हिस्सा होगा। प्रशिक्षण सत्र डायरेक्टोरेट ऑफ सेंसस ऑपरेशंस पंजाब के स्टेट इंस्ट्रक्टर ग्रेड-1 अंकुश शर्मा और स्टेट इंस्ट्रक्टर ग्रेड-2 सत्य नारायण द्वारा दिया गया।

# महिला दिवस पर स्वास्थ्य एवं रोजगार शिविर आयोजन किया

समर न्यूज़ | मोहाली



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शहीद मेजर हरमिंदर पाल सिंह सरकारी कॉलेज, फेज-6, मोहाली में जिला स्तरीय स्वास्थ्य एवं रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रोजगार विभाग, स्वास्थ्य विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा महिलाओं के लिए सामान्य और विशेष स्वास्थ्य जांच कराना था। शिविर के दौरान 375 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

इस अवसर पर सुश्री सोनम चौधरी, एडीसी (डी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने श्री निखिल अरोड़ा (जिला कार्यक्रम अधिकारी), प्रभारी डीबीईई, श्रीमती जसप्रीत बैंस (प्राचार्य, सरकारी कॉलेज फेज-6), डा तमन्ना सिंगल (जिला परिवार एवं कल्याण अधिकारी), गुरसिमरन कौर (सीडीपीओ खरड़), सुखमनीत कौर (सीडीपीओ माजरी) तथा सुमन (सीडीपीओ डेराबस्सी) के साथ मिलकर चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इसके अतिरिक्त नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट वितरित की गईं, जबकि स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल महिलाओं को हेल्थ किट भी प्रदान की गई। प्रत्येक हेल्थ किट में फर्स्ट-एड किट, थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर, वाइप्स और सैनिटरी नैपकिन शामिल थे।

रोजगार मेले के अंतर्गत 21 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें एक्सिस बैंक, आर.एस. मैनपावर प्रोवाइडर, मुरारी सर्विसेज, वी5 ग्लोबल सर्विसेज और एलआईसी सहित अन्य कंपनियां शामिल थीं। इन कंपनियों द्वारा 800 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध कराई गईं और 242 उम्मीदवारों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप) द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री भी लगाई गई, जिसमें हाथ से बुने दुपट्टे, फुलकारी कढ़ाई, ऑर्गेनिक शहद, देसी घी और अन्य स्थानीय उत्पाद शामिल थे, जिससे जिले में महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन मिला।

# विधायक ने महिलाओं को किया सम्मानित



समर न्यूज़ | खरड़

"अपना कारोबार, अपनी पहचान" अभियान के तहत खरड़ में महिला उद्यमी मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खरड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनमोल गगन मान ने भाग लिया और विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय कर रही महिलाओं को सम्मानित किया। महिलाओं को इस दौरान प्रमाण पत्र और यादगार चिन्ह भेंट किए। विधायक अनमोल गगन मान ने कहा कि महिलाएं हीरे जैसी होती हैं और बहुत मजबूत होती हैं।

**बधाई** | एकांश की मां निर्मला स्कूल प्रिंसिपल और पिता कृष्ण ढुल भाजपा नेता

# पंचकूला के एकांश ढुल ने UPSC में पाया तीसरा रैंक

समर न्यूज़ | पंचकूला



UPSC सिविल सर्विस एग्जाम 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी हो गया है, जिसमें पंचकूला के रहने वाले एकांश ढुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी रैंक हासिल की है। एकांश ढुल अपने परिवार के साथ सेक्टर 12A में रहते हैं। उनकी मां निर्मला स्कूल प्रिंसिपल हैं, जबकि पिता कृष्ण ढुल भाजपा नेता हैं।

एकांश ने साल 2024 में UPSC में 342वीं और साल 2025 में 295वीं रैंक हासिल किया था। इस बार उन्होंने लगातार मेहनत और अनुशासन के साथ एग्जाम क्रैक करते हुए टॉप-3 में स्थान बनाया। फिलहाल, एकांश शिमला में प्रशिक्षण (टीआरएनिंग) के लिए गए हुए हैं।

रिजल्ट के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एकांश के पिता कृष्ण ढुल को फोन कर बेटे की तीसरी रैंक आने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एकांश ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं, एकांश के पिता और मां के पास लगातार बधाई देने वालों के फोन आ रहे हैं।

### बेटे का IAS अफसर बनने का सपना

कृष्ण ढुल ने बताया कि एकांश ने जीवन में एक ही लक्ष्य तय किया था – IAS अफसर बनना। उन्होंने कहा, "एक पिता के तौर पर उसने मुझे आगे बढ़ते हुए देखा है। उसका भी यही लक्ष्य था कि कैसे मैं अपने पिता से बड़ा नाम बनाऊं। उसे लगता था कि राजनीति या व्यापार में नाम बनाने में काफी लंबा समय लगेगा।"

एकांश ने 12वीं के बाद ही UPSC की तैयारी शुरू कर दी थी। कृष्ण ने कहा कि "हमें RSS में सिखाया जाता है कि कैसे सामने वाले व्यक्ति से बड़ी लकीर खींचनी है। उसे यही लगता था कि IAS अफसर बनकर ही वह अपने पिता से बड़ा नाम कर सकता है।"

### शिक्षा और कोचिंग

एकांश ढुल ने 10वीं की पढ़ाई चंडीगढ़ के सेक्टर 27 स्थित भवन स्कूल से की। इसके बाद 12वीं उन्होंने सेक्टर 26 स्थित संत कबीर स्कूल से पूरी की। ग्रेजुएशन के लिए वह दिल्ली गए और श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बीए ऑनर्स की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली से ही UPSC की कोचिंग ली। एक इंटरव्यू के दौरान एकांश ने कहा था कि आत्म-अध्ययन और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी हैं। पहली बार की सफलता से बहुत कुछ सीखा, लेकिन संतोष नहीं मिला। उन्होंने खुद से वादा किया कि अगली बार और बेहतर करेंगे, और वही हुआ। एकांश की यह उपलब्धि उनके परिवार के लिए गर्व का कारण है और पंचकूला व पंजाब के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है।

## महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला पुलिसकर्मियों के लिए

# स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

समर न्यूज़ | पंचकूला



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन पंचकूला स्थित जियो मेस में महिला पुलिसकर्मियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन पारस हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया, जिसमें डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने भी भाग लेकर महिला पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यशाला के दौरान पारस हॉस्पिटल की डॉ. कृति आनंद (कंसल्टेंट साइकियाट्रिस्ट) एवं डॉ. पूजा गुप्ता (डायटिशियन) ने महिला पुलिसकर्मियों को 24 घंटे की व्यस्त ड्यूटी के दौरान अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विभिन्न इंटरएक्टिव एक्टिविटीज के माध्यम से महिला पुलिसकर्मियों को तनाव प्रबंधन के तरीके सिखाए गए तथा यह बताया गया कि व्यस्त और चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के बावजूद किस प्रकार अपने स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाए रखा जा सकता है।

महिला पुलिसकर्मियों ने कार्यशाला में बड़े उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया तथा अपने दैनिक जीवन और ड्यूटी के दौरान "स्वस्थ मन – स्वस्थ तन" बनाए रखने के महत्वपूर्ण गुर सीखे।

इस अवसर पर डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा: "महिला पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनकी ड्यूटी चुनौतीपूर्ण और निरंतर होती है, इसलिए उनका शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक है। इस प्रकार की कार्यशालाएँ उन्हें स्वयं की देखभाल के प्रति जागरूक करती हैं और बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करती हैं।" कार्यशाला के अंत में सभी महिला पुलिसकर्मियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

# भारत ने इंग्लैंड को हराकर अहमदाबाद फाइनल में बनाई जगह

## वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में टीम इंडिया की 7 रन से रोमांचक जीत, अब 8 मार्च को न्यूज़ीलैंड से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी | मुंबई

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी और भारत ने रोमांचक जीत हासिल की।

इस जीत के साथ भारतीय टीम अब 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगी। टीम इंडिया की नजर लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने पर होगी।

मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। भारत की ओर से संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की। हालांकि अभिषेक शर्मा ज्यादा देर टिक नहीं सके और 9 रन बनाकर विल जैक्स की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद संजू सैमसन और ईशान किशन ने पारी को संभाला और तेज गति से रन बनाते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

पावरप्ले के छह ओवर में भारत का स्कोर 67 रन तक पहुंच गया था। इसके बाद संजू सैमसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंदों में 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। भारतीय टीम ने महज 8.3 ओवर में 100 रन पूरे कर लिए, जो टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में दूसरा सबसे तेज शतक है।



ईशान किशन 39 रन बनाकर आउट हुए। वह आदिल राशिद की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग-ऑफ पर कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद भी भारत की रन गति बरकरार रही। संजू सैमसन ने शिवम दुबे के साथ मिलकर टीम का स्कोर तेजी से आगे बढ़ाया। सैमसन शानदार लय में नजर आ रहे थे, लेकिन 42 गेंदों में 89 रन बनाकर शतक से चूक गए।

इसके बाद सूर्यकुमार यादव 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। वहीं शिवम दुबे ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें 4 छक्के और एक चौका शामिल था। हालांकि वह रन आउट हो गए। तिलक वर्मा ने भी छोटी लेकिन तेज पारी खेलते हुए 7 गेंदों में 21 रन बनाए, जबकि हार्दिक पंड्या ने 27 रन का योगदान दिया। इन पारियों की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फिल साल्ट केवल 5 रन बनाकर हार्दिक पंड्या का शिकार बने। इसके बाद हैरी ब्रूक भी 7 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह की गेंद पर अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। कप्तान जोस बटलर कुछ देर तक टिके रहे, लेकिन वह भी 25 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर बोल्ड हो गए। उस समय इंग्लैंड का स्कोर 64 रन पर 3 विकेट था।

टॉम बैंटन ने 17 रन बनाए, लेकिन अक्षर पटेल ने उन्हें भी जल्द ही आउट कर दिया। इसके बाद जैकब बेथेल ने इंग्लैंड की पारी को संभाला और शानदार बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले को रोमांचक बना दिया। बेथेल ने विल जैक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 77 रन की अहम साझेदारी की। जैकब बेथेल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों में 105 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उन्होंने केवल 19 गेंदों में अर्धशतक भी पूरा किया और इंग्लैंड को जीत के करीब ले आए। हालांकि अर्शदीप सिंह ने विल जैक्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा और भारत को राहत दिलाई।

मुकाबले का असली टर्निंग पॉइंट 18वां और 19वां ओवर साबित हुआ, जब जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने बेहद कसी हुई गेंदबाजी की। इन दोनों ओवरों में इंग्लैंड सिर्फ 15 रन ही बना सका, जिससे मैच भारत के पक्ष में झुक गया। आखिरी ओवरों में इंग्लैंड को जीत के लिए तेजी से रन बनाने की जरूरत थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा और अंततः भारत ने यह मुकाबला 7 रन से अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में भिड़ंत देखने को मिली। इससे पहले 2022 में इंग्लैंड ने भारत को हराया था, जबकि 2024 में भारत ने जीत हासिल की थी। अब 2026 में भी टीम इंडिया ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल का टिकट कटाया है।

अब क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां भारत और न्यूजीलैंड के बीच खिताबी जंग देखने को मिलेगी।

# वनडे वर्ल्ड कप लीग-2 की ट्राई-सीरीज स्थगित

## मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान संघर्ष का असर, नेपाल में होने वाले छह मैच टाले गए

समर न्यूज | नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब खेल जगत पर भी दिखाई देने लगा है। सुरक्षा हालात और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 के तहत होने वाली ट्राई-सीरीज को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इस सीरीज में कुल छह मुकाबले खेले जाने थे।

यह ट्राई-सीरीज नेपाल की राजधानी काठमांडू के कीर्तिपुर स्थित त्रिभुवन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में 10 से 20 मार्च के बीच आयोजित होनी थी। इसमें नेपाल, ओमान और यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) की टीमें हिस्सा लेने वाली थीं। हालांकि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को देखते हुए आयोजकों ने खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सीरीज को टालने का फैसला किया है।



नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस फैसले की जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि आईसीसी और सभी संबंधित क्रिकेट बोर्डों से चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। बयान में कहा गया कि मिडिल ईस्ट में मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए 10 मार्च से काठमांडू में शुरू होने वाले सीडब्ल्यूसी लीग-2 के मैच अगली सूचना तक स्थगित कर दिए गए हैं।

क्रिकेट बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित पक्षों के साथ आगे की बातचीत के बाद इस ट्राई-सीरीज के लिए नई तारीखों की घोषणा की जाएगी। फिलहाल खिलाड़ियों और आयोजकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता को टालना जरूरी समझा गया है।

आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2, 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। यह टूर्नामेंट लगभग तीन वर्षों तक चलता है और इसमें कुल आठ टीमें भाग लेती हैं। लीग चरण समाप्त होने के बाद शीर्ष चार टीमें 10 टीमों वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर में जगह बनाती हैं, जहां से आगे की टीमें मुख्य टूर्नामेंट के लिए चयनित होती हैं।

नेपाल में होने वाली इस ट्राई-सीरीज में नेपाल, ओमान और यूएई के बीच कुल छह मुकाबले खेले जाने थे, जिन पर अब इस फैसले का सीधा असर पड़ा है। लीग-2 के अगले चरण के मुकाबले अप्रैल की शुरुआत में खेले जाने हैं, जिसमें स्कॉटलैंड, ओमान और नामीबिया की टीमें आमने-सामने होंगी।

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का असर केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं है। कई अन्य खेल आयोजनों पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। उड़ान सेवाओं में बाधा आने के कारण कई देशों के खिलाड़ी अलग-अलग एयरपोर्ट पर फंस गए। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु भी कुछ समय के लिए दुबई एयरपोर्ट पर फंस गई थीं। हालांकि बाद में वह सुरक्षित भारत लौट आईं, लेकिन इस वजह से वह ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले सकीं।

फिलहाल खेल संगठनों की नजर अंतरराष्ट्रीय हालात पर बनी हुई है और स्थिति सामान्य होने के बाद ही स्थगित प्रतियोगिताओं की नई तारीखें तय की जाएंगी।

# केंद्र का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, कई राज्यों के राज्यपाल और उपराज्यपाल बदले

## वीके सक्सेना लद्दाख के एलजी, तरनजीत संधू बने दिल्ली के उपराज्यपाल

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल और उपराज्यपाल के पदों पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कई नई नियुक्तियां की गई हैं, जिनके तहत अनुभवी प्रशासकों और पूर्व राजनयिकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

इस फेरबदल के तहत दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। उनकी जगह भारत के वरिष्ठ राजनयिक रहे तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। संधू भारतीय विदेश सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं और वे पहले श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त तथा अमेरिका में भारत के 28वें राजदूत के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



राष्ट्रपति ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनके स्थान पर आर.एन. रवि को पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आर.एन. रवि इससे पहले तमिलनाडु के राज्यपाल के पद पर कार्यरत थे। इसी क्रम में शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया है। वे पहले हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल थे। वहीं तेलंगाना के मौजूदा राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। महाराष्ट्र में भगत सिंह कोश्यारी के इस्तीफे के बाद से राज्यपाल का पद स्थायी रूप से खाली था।

# सेमीफाइनल में थर्ड अंपायर के फैसले पर विवाद

## एडेन मार्करम के कैच पर विवाद, न्यूज़ीलैंड ने द. अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

एजेंसी | कोलकाता

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे टीम ने महज 12.5 ओवर में हासिल कर लिया।

न्यूजीलैंड की जीत के हीरो फिन एलन रहे, जिन्होंने सिर्फ 33 गेंदों पर नाबाद 100 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस आक्रामक बल्लेबाजी के चलते मुकाबला पूरी तरह एकतरफा हो गया और न्यूजीलैंड ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

हालांकि इस मैच के दौरान एक बड़ा विवाद भी सामने आया, जो थर्ड अंपायर के फैसले को लेकर खड़ा हुआ। यह घटना साउथ अफ्रीका की पारी के आठवें ओवर में हुई, जब रचिन रवींद्र की चौथी गेंद पर कप्तान एडेन मार्करम ने सीधा शॉट खेलने की कोशिश की।



शॉट का टाइमिंग सही नहीं होने के कारण गेंद हवा में ऊंची चली गई। लॉन्ग-ऑन पर खड़े डेरिल मिचेल आगे की ओर दौड़े और कैच पकड़ लिया। हालांकि मिचेल खुद इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं दिखे कि गेंद उनके नियंत्रण में थी या नहीं। ऑनफील्ड अंपायरों को भी कैच की वैधता पर संदेह हुआ, जिसके बाद फैसला थर्ड अंपायर नितिन मेनन के पास भेजा गया। रीप्ले देखने के बाद थर्ड अंपायर ने मार्करम को आउट करार दे दिया। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई और कई क्रिकेट प्रशंसकों ने कैच को लेकर सवाल उठाए। इससे पहले साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। क्विंटन डिकॉक और रयान रिकेल्टन दूसरे ही ओवर में पवेलियन लौट गए।

# सरफराज अहमद बन सकते हैं पाकिस्तान टेस्ट टीम के नए कोच

## पीसीबी ने पूर्व कप्तान को भेजा औपचारिक प्रस्ताव, जवाब मिलने के बाद हो सकती है नियुक्ति

एजेंसी | नई दिल्ली

पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम को जल्द ही नया टेस्ट कोच मिल सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व कप्तान सरफराज अहमद को टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद के लिए औपचारिक प्रस्ताव भेजा है और अब बोर्ड उनके जवाब का इंतजार कर रहा है। यदि सरफराज इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं तो वह ऐसे समय में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे जब पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट लगातार बदलाव और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है।

पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान के टेस्ट कोचिंग सेटअप में स्थिरता की कमी देखने को मिली है। इसी कारण पीसीबी चाहता है कि अगली टेस्ट सीरीज से पहले एक स्थायी कोच की नियुक्ति कर दी जाए, ताकि टीम के लिए लंबी अवधि की रणनीति तैयार की जा सके और प्रदर्शन में निरंतरता लाई जा सके।



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के मौजूदा चक्र में पाकिस्तान टीम को स्पष्ट रणनीति, बेहतर चयन प्रक्रिया और मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता महसूस की जा रही है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार सरफराज अहमद की सबसे बड़ी ताकत उनकी नेतृत्व क्षमता रही है।

कप्तान के रूप में उन्होंने टीम के भीतर ऊर्जा और एकजुटता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। पाकिस्तान क्रिकेट में प्रतिभा की कमी नहीं रही, लेकिन अक्सर निरंतरता और संरचना की चुनौती सामने आती रही है। पीसीबी को उम्मीद है कि 38 वर्षीय सरफराज इन दोनों पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं और टीम को स्थिरता प्रदान कर सकते हैं।

राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद भी सरफराज अहमद क्रिकेट सिस्टम से जुड़े रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान शाहीन्स और अंडर-19 स्तर पर मेंटर की भूमिका निभाई है। इस दौरान उन्होंने युवा खिलाड़ियों के साथ काम किया और टीम की मानसिकता तथा दबाव की परिस्थितियों को करीब से समझा। यही अनुभव उनके कोचिंग करियर में काम आ सकता है।

अगर सरफराज अहमद इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं तो उनकी कोचिंग पारी की शुरुआत मई में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से हो सकती है। बांग्लादेश की परिस्थितियां आमतौर पर स्पिन गेंदबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती हैं, ऐसे में नए कोच के सामने शुरुआत से ही चुनौतीपूर्ण स्थिति होगी।

सरफराज अहमद ने पाकिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट में कुल 232 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 34.24 की औसत से 6164 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी जीता था, जो पाकिस्तान क्रिकेट की बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जाता है। अब सबकी नजर सरफराज अहमद के फैसले पर टिकी है।

यदि वह इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं तो पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है।

### 25–30 हजार रुपये का लालच देकर गरीब महिलाओं से निकलवाए जाते थे अंडाणु

# ठाणे में IVF स्कैम का खुलासा, डॉक्टर समेत 6 गिरफ्तार

एजेंसी | ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले से एक चौंकाने वाला IVF (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) घोटाला सामने आया है, जिसमें गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनके अंडाणु निकलवाने का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने इस मामले में एक डॉक्टर समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि यह पूरा रैकेट फर्जी दस्तावेजों और नकली पहचान के सहारे बड़े स्तर पर चलाया जा रहा था।

पुलिस के अनुसार, गिरोह आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को 25 से 30 हजार रुपये देने का लालच देता था और उन्हें 'एग डोनेशन' के लिए तैयार करता था। महिलाओं को बताया जाता था कि यह एक सामान्य मेडिकल प्रक्रिया है और इससे उन्हें जल्दी पैसा मिल जाएगा। आर्थिक तंगी से जूझ रहीं कई महिलाएं इस झांसे में आ जाती थीं।




जांच के दौरान खुलासा हुआ कि इस रैकेट का सबसे बड़ा हथियार फर्जी दस्तावेज थे। गिरोह एक ही महिला को कई अलग-अलग नामों से डोनर के रूप में पेश करता था। इसके लिए नकली आधार कार्ड और फर्जी शपथपत्र तैयार किए जाते थे। एक महिला की तस्वीर का इस्तेमाल कर उसके नाम पर कई पहचान पत्र बनाए जाते थे और फिर उसे अलग-अलग नामों से IVF सेंटर में डोनर दिखाया जाता था।

पुलिस ने इस मामले में नासिक के एक डेंटिस्ट डॉ. अमोल पाटिल को भी गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि नासिक के मुंबई नाका इलाके में 'मालती IVF सेंटर' उनकी पत्नी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस का आरोप है कि इसी सेंटर का इस्तेमाल अवैध सरोगेसी कॉन्ट्रैक्ट और अंडाणु तस्करी के लिए किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि महिलाओं से अंडाणु निकालने की प्रक्रिया इसी सेंटर में पूरी की जाती थी।

कोर्ट में पेश किए जाने के बाद डॉ. अमोल पाटिल को 9 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों के मोबाइल फोन से सैकड़ों महिलाओं की तस्वीरें, फर्जी शपथपत्र और सोनोग्राफी रिपोर्ट भी मिली हैं। पुलिस को आशंका है कि इस रैकेट के जरिए 500 से अधिक महिलाओं का शोषण किया गया हो सकता है। इस मामले में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें सोनल गरेवाल, मंजूषा वानखेड़े और सुलक्षणा गाडेकर समेत अन्य आरोपी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक ये लोग जरूरतमंद महिलाओं को ढूंढने और उन्हें इस प्रक्रिया के लिए तैयार करने का काम करते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 15 लाख रुपये से अधिक कीमत की दवाइयां और इंजेक्शन भी बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल अंडाणु निकालने की प्रक्रिया में किया जाता है।

# डायने पैरी ने वीनस विलियम्स को किया इंडियन वेल्स से बाहर

एजेंसी | कैलिफोर्निया

फ्रांस की टेनिस खिलाड़ी डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर के मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। फ्रांस की डायने पैरी ने गुरुवार को दो घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका की वीनस को 3-6, 6-7 (4), 1-6 से हराया। इसी के साथ वीनस का बीएनपी परिबास ओपन 2026 में अभियान समाप्त हो गया। बीएनपी परिबास ओपन को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स में पदार्पण के 30 साल बाद की वापसी थी। उन्होंने पहली बार 1996 में 15 वर्ष की उम्र में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। उन्हें इस टूर्नामेंट के एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड काडर् दिया गया था।

# एएफसी महिला एशियन कप क्वालिफायर; भारत का आज जापान से मुकाबला



एजेंसी | कैलिफोर्निया

भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी।

फीफा महिला वल्डर् रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं। नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं। वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है।

भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है।

वाल्वर्डे ने कहा, 'हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पजेशन रखना पसंद करती है। उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा। हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे। हम गेम के पहले मिनट से ही कोशिश करेंगे। हमें अपनी एनर्जी अपनी टीम पर फोकस करने की आवश्यकता है।

# फिरोजपुर रोड पुल पर तेज रफ्तार कार ने बोलेरो को मारी टक्कर



गाड़ी की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त हुआ। - समर न्यूज़

गुरप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

फिरोजपुर रोड पुल पर शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया, जब बोलेरो का टायर बदलते समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 7 बजे की है। बोलेरो चालक ने बताया कि टायर खराब होने के कारण, उसे पुल पर रोककर टायर बदला जा रहा था। बताया जा रहा है कि बोलेरो के पीछे एक मोटरसाइकिल खड़ी थी और दो युवक पीछे से आ रही गाड़ियों को साइड से निकलने के लिए इशारा कर रहे थे, ताकि कोई दुर्घटना न हो। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक कार ने पीछे से बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। वहीं टैंपो चालक को भी कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, हालांकि बोलेरो की पेट्रोल टंकी पर टक्कर लगने से हल्का नुकसान हुआ। घटना के बाद कुछ समय तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और पुल पर ट्रैफिक प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया, जिसके बाद मामला शांत हो गया और यातायात को सामान्य कराया गया।

## ई-रिक्शा चालक ने दिखाई मानवता, लेकिन नहीं बच सकी छात्रा की जान

# लुधियाना में सड़क हादसा: 11वीं की छात्रा की ट्रक की टक्कर से मौत

समर न्यूज़ | लुधियाना







लुधियाना शहर में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11वीं कक्षा की छात्रा की मौत हो गई। हादसा माता रानी चौक के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी पर छात्रा अपने पिता के साथ रेलवे स्टेशन जा रही थी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतका की पहचान 17 वर्षीय रश्मि कुमारी के रूप में हुई है, जो बिहार के नालंदा जिले के गांव मसिहा की रहने वाली थी। रश्मि के पिता मिथलेश शर्मा पिछले करीब 15 वर्षों से लुधियाना में रहकर एक निजी फैक्ट्री में काम करते हैं। होली की छुट्टियों के दौरान रश्मि अपने पिता के पास आई हुई थी और शुक्रवार सुबह वह बिहार में 11वीं की परीक्षा देने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रही थी। मिथलेश शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी की ट्रेन सुबह करीब 8:30 बजे थी। वे दोनों सुबह लगभग साढ़े सात बजे माता रानी चौक के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रश्मि गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उसके पेट में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। मौके पर मौजूद एक ई-रिक्शा चालक ने मानवता दिखाते हुए अपनी सवारियां उतारीं और घायल छात्रा तथा उसके पिता को तुरंत अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुआ। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में रश्मि ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों के अनुसार पेट में गंभीर चोट और अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हुई। घटना के बाद छात्रा के शव को लुधियाना के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। थाना कोतवाली के एएसआई बलराज ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। ट्रक के मालिक और फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रश्मि अपने परिवार की होनहार छात्रा थी। पिता मिथलेश ने भावुक होकर कहा कि उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि परीक्षा देने जा रही उनकी बेटी रास्ते में ही उन्हें हमेशा के लिए छोड़ जाएगी। परिवार में रश्मि के अलावा उसका एक भाई भी है। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है।

# इनोवा कार से 60 पेटियां अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार



आरोपी तस्करों के बारे में जानकारी देते एसीपी इंद्रजीत सिंह बोपाराय। - समर न्यूज़

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब सरकार और पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "युद्ध नशों के विरुद्ध" अभियान के तहत कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना के थाना जमालपुर की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया ए इंद्रजीत सिंह बोपाराय ने बताया कि थाना जमालपुर के एसएचओ दलबीर सिंह की पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 100 फुटा रोड साहिबाना पुली के पास गाड़ी नंबर पीबी-03-एएफ-1002 (टोयोटा इनोवा, सफेद रंग) को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 60 पेटियां अवैध शराब बरामद हुईं। बरामद शराब में 26 पेटियां "राजधानी विश्की" और 34 पेटियां "सुपर हिम्मत सॉन्फ़ " शामिल हैं। इस संबंध में थाना जमालपुर पुलिस ने आबकारीएक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पकड़े गए शराब तस्करों की पहचान तजिंदरपाल सिंह उर्फ करण पुत्र महिकम सिंह निवासी रोडे, थाना स्मालसर जिला मोगा और शलिंदर सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी गांव वाड़ा वरियाम सिंह, थाना जीरा जिला फिरोजपुर के रूप में है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा। आरोपी तजिंदरपाल सिंह उर्फ करण के खिलाफ 28 अगस्त 2020 को थाना बाघा पुराना, जिला मोगा में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है जबकि दूसरे आरोपी शलिंदर सिंह के खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

# एक महिला का जीवन परिवार की मूल शक्ति होता है: स्वामी प्रकाशानंद महाराज

**स्नेह जैन के निधन पर प्रदेश महासचिव अनिल सरीन ने नवल जैन के साथ संवेदना व्यक्त की**

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़





स्वामी प्रकाशानंद व भाजपा के प्रदेश महासचिव अनिल सरीन नवल जैन के साथ शोक व्यक्त करते। - समर न्यूज़

लुधियाना भाजपा के जिला उपप्रधान नवल जैन की धर्मपत्नी स्नेह जैन का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर श्री दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी प्रकाशानंद जी महाराज,पंजाब भाजपा महासचिव अनिल सरीन, लक्की चोपड़ा, जसदेव तिवारी, नरेश गुप्ता, विकास जैन, विशाल जैन, अंशुल जैन सौरभ जैन प्रमोद जी सुरेश मिगलानी कमल भाटिया बलजिंदर गर्चा नरेंद्र सिंह लाली ने नवल जैन और पारिवारिक सदस्यों के साथ दुख सांझा किया।

इस मौके स्वामी प्रकाशानंद ने कहा कि एक महिला का जीवन परिवार की मूल शक्ति होता है।

स्नेह जैन के निधन से परिवार को जो क्षति हुई है वो कभी पूरी नहीं हो सकती। अनिल सरीन ने कहा कि स्नेह जैन धार्मिक ,और विनम्र स्वभाव वाली महिला थी।वो जीवन भर जरूरतमंदों की सहायता करने में हमेशा अग्रणी रही।

उन्होंने हमेशा जीवन के प्रति अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ साथ बाहर के लोगों को भी अच्छी सीख दी।

# साहिर लुधियानवी पर विशेष कार्यक्रम "एक मुलाकात"

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में हर वर्ष की तरह इस बार भी नेहरू सिद्धांत केंद्र द्वारा प्रसिद्ध शायर साहिर लुधियानवी को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। "एक मुलाकात" शीर्षक से होने वाला यह कार्यक्रम शाम 7 बजे केंद्र परिसर में होगा। इसमें साहिर के जीवन, संघर्ष और रचनात्मक यात्रा को नाट्य रूपांतरण के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा। अभिनेता शेखर सुमन साहिर की भूमिका निभाएंगे, जबकि गीतिका त्यागी मशहूर लेखिका अमृता प्रीतम के किरदार में नजर आएंगी। मंचन में साहिर और अमृता के भावनात्मक संबंध, साहित्यिक योगदान और वैचारिक गहराई को जीवंत किया जाएगा।

# स्वदेशी मेला देश विदेश में करोड़ों के आर्डर मिलने की चर्चा ने पंजाबियत को भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया है : गुरुदीप

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के किसान ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेले ने इस वर्ष भी अभूतपूर्व सफलता हासिल की। देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों, उद्यमियों और स्वदेशी उत्पाद निर्माताओं ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिससे मेले में आए हजारों दर्शकों को भारतीय परंपरा और स्वदेशी उत्पादों से रूबरू होने का अवसर मिला।



गुरदीप सिंह गोशा ।

मेले के दौरान हस्तशिल्प, खादी वस्त्र, आयुर्वेदिक उत्पाद, जैविक खाद्य सामग्री, पारंपरिक खिलौने और घरेलू उपयोग की स्वदेशी वस्तुओं की स्टॉलों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की, जिससे कारीगरों और छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से बड़ा लाभ हुआ। मेले के दौरान करोड़ो रुपये का कारोबार होने का अनुमान है।

मेले में केवल व्यापार ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। "हुनर पंजाब दा" जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गत्तका प्रदर्शन, किसानी चर्चा, महिला दिवस,व्यापारी सम्मेलन, नशे के खिलाफ सम्मेलन, पारंपरिक खेलों और बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन ने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बना दिया। स्वदेशी मेला प्रमुख स गुरदीप सिंह गोशा ने मेले की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और छोटे उद्यमियों तथा कारीगरों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और युवाओं के लिए रोजगार तथा स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होते हैं। गुरुदीप सिह गोशा ने कहा कि इस मेले में पंजाब के हौजरी उघोग साईकल उघोग के उघोगपतियो व कारीगरों के संबंधों मधुरता के साथ साथ बड़े पैमाने पर देश विदेश में लाखों करोड़ों के आर्डर मिलने की चर्चा ने पंजाब पंजाबी पंजाबियत को भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया है गोशा ने कहा कि मेले में लोगों की भारी भागीदारी यह दर्शाती है कि समाज में स्वदेशी के प्रति जागरूकता और उत्साह लगातार बढ़ रहा है। पंजाबियो की विशेष भागीदारी पंजाब के युवाओं को स्वरोजगार योजनाए से नशामुक्ती के लिए वरदान साबित होगा गोशा ने कहा कि हमारी टीम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले सभी साथियों का धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर में भविष्य में ऐसे आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का प्रयास जारी रहेगा।इस मौके पर गुरदीप सिंह गोशा ने प्रेस का पंजाब के लोगों का धन्यवाद किया कि देसी सम्मान को प्यार दिया ओर आशीर्वाद दिया स्वदेशी के लिए नए रास्ते खोले।

# जगराओं में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना-फिरोजपुर हाईवे पर स्थित जगराओं के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार ने ओवरब्रिज पर बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गांव गुडे निवासी लक्ष्मण सिंह के रूप में हुई है। बस स्टैंड चौकी के इंचार्ज सुखविंदर सिंह के अनुसार, युवक अपनी बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी लुधियाना की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला हिस्सा और कार का बोनट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर लगने के बाद युवक उछलकर सड़क पर जा गिरा, जबकि उसकी बाइक कार के आगे फंस गई।

हादसे की सूचना मिलते ही बस स्टैंड चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# भाजपा शिमलापुरी मंडल सर्कल के प्रधान राजीव वर्मा ने अपनी टीम की घोषणा की

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

भाजपा शिमलापुरी मंडल सर्कल के प्रधान राजीव वर्मा ने जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान,विधान सभा के प्रभारी डॉ निर्मल नय्यर व मंडल के प्रभारी सरदार तरनजीत सिंह की सहमति से शिमलापुरी मंडल की टीम की घोषणा की। इस मौके पर भाजपा के सीनियर नेता सरदार मनमीत सिंह चावला विशेष रूप से मौजूद रहे। मंडल की टीम में अमन सैनी, एडवोकेट रवि कांत, लखवीर सिंह मंगा, श्री मति श्वेता कश्यप को मंडल का उपाध्यक्ष, संदीप कुमार मनी, सुमित सिंह व संदीप रहेजा को मंडल महामंत्री, जगतार सिंह कांडा, अरविंदर कुमार, तेजपाल,



बैठक को संबोधित करते भाजपा जिला प्रधान रजनीश धीमान। - समर न्यूज़

मनोज वैद को मंडल सचिव, पुनीत पाठक को खजांची, रूप किशोर को सोशल मीडिया सचिव, कुलदीप सिंह उभी को आई.टी सेल का संयोजक,महिला मोर्चा की प्रधान सुनीता शर्मा को,युवा मोर्चा का प्रधान प्रियांशु कश्यप को एस सी मोर्चा का स्वर्ण सिंह को,सरोज कुमार को पूर्वांचल मोर्चा,हरदेव सिंह को ओ.बी.सी मोर्चा का प्रधान राजकुमार,सिमरनजीत सिंह,हरप्रीत सहोता, सुनील बेदी, मनिंदर सिंह को शिमलापुरी मंडल का कार्यकारिणी सदस्य बनाया।

# बाबा हैदर शेख का वार्षिक मेला धूमधाम और श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया

## धार्मिक मेले आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करते है : ऋषि जैन

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़



बाबा हैदर शेख जी के वार्षिक मेला धूमधाम व श्रद्धा भावना के मनाया गया। मेले में मुख्य रूप से समाज सेवक एवं सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन पहुंचे व बाबा अशोक मित्तल जी का विशेष रूप से सम्मान किया व आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर ऋषि जैन ने कहा कि धार्मिक मेले व समागम आपसी भाईचारे का प्रतीक है व ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाते है ।ऋषि जैन ने कहा कि भारत ही दुनिया में एकमात्र ऐसा देश है यहां सबसे ज्यादा भाषाएं बोली जाती है व सभी सभी धर्मों के लोग आपस में एक सूत्र में बंध कर रहते है व मेलों में सभी वर्ग आपसी एकता में बंध कर मनाते है और विश्व में समानता, शांति , एकता का संदेश देते है। उन्होंने कहा कि यही भावना और एकता हमारे भारत देश को दुनिया में एक अलग पहचान देती है।

**राहत** | घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को राहत; ईवी चार्जिंग 5 रुपये प्रति यूनिट

# बिजली दरों में बड़ी कटौती, 2026-27 के लिए नया टैरिफ आदेश जारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली दरों में बड़ी कटौती की घोषणा की गई है, जिससे घरों, कारोबारों और उद्योगों को उल्लेखनीय राहत मिलेगी। पंजाब राज्य बिजली नियामक आयोग द्वारा अध्यक्ष विश्वजीत खन्ना (सेवानिवृत्त आईएएस) तथा सदस्यों रविंदर सिंह सैनी (तकनीकी) और रवि कुमार (कानूनी) की मौजूदगी में जारी टैरिफ आदेश 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक लागू रहेगा।

संशोधित दरों के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 1.5 रुपये तक, व्यावसायिक उपभोक्ताओं को 79 पैसे प्रति यूनिट



और औद्योगिक इकाइयों को 74 पैसे प्रति यूनिट तक राहत मिलेगी।

बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा ने इसे जन-हितैषी कदम बताते हुए कहा कि इससे आम लोगों को सीधा लाभ, एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती और राज्य की औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल की दूरदर्शी सोच के चलते बिजली दरों को उपभोक्ता-अनुकूल बनाए रखा गया है।

राज्य की मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रति माह 300 यूनिट (प्रति बिलिंग साइकिल 600 यूनिट) मुफ्त बिजली जारी रहेगी, जिससे 90 प्रतिशत से अधिक परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

300 यूनिट तक की दर 5.40 रुपये से घटाकर 3.85 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है, जबकि 300 यूनिट से अधिक खपत पर 7.75 रुपये से घटाकर 7.05 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है। अधिक खपत करने वाले घरों को भी 0.70 रुपये प्रति यूनिट तक राहत दी गई है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए फिक्स्ड चार्ज में भी कमी की गई है 2 से 7 किलोवाट लोड पर 5 रुपये प्रति किलोवाट और 7 से 20 किलोवाट लोड पर 10 रुपये प्रति किलोवाट की कटौती की गई है। व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए 500 यूनिट तक खपत पर 0.79 रुपये प्रति यूनिट और 500 यूनिट से अधिक पर 0.65 से 0.70 रुपये प्रति यूनिट तक की कमी की गई है। औद्योगिक क्षेत्र में छोटे उद्योगों के लिए दर 5.82 से घटाकर 5.70 रुपये, मध्यम उद्योगों के लिए 6.25 से घटाकर 5.83 रुपये और बड़े उद्योगों के लिए 6.60 से घटाकर 5.90 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है, जिससे प्रति यूनिट 0.74 रुपये तक राहत मिलेगी। ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए बिजली दर 6.28 रुपये से घटाकर 5 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है, जो देश में सबसे कम दरों में से एक है और स्वच्छ गतिशीलता को बढ़ावा देगी।

आयोग ने छोटी बिजली श्रेणी की सीमा 20 किलोवाट से बढ़ाकर 50 किलोवाट करने, उद्योगों के लिए विशेष रात टैरिफ जारी रखने और ग्रीन एनर्जी दर में कमी जैसे उपभोक्ता-अनुकूल कदम भी उठाए हैं। पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2634 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है और ए+ रेटिंग हासिल की है, जो बिजली क्षेत्र में वित्तीय सुधारों का संकेत है।

औसत बिजली आपूर्ति लागत 7.15 रुपये से घटकर 6.15 रुपये प्रति यूनिट हो गई है, जो पिछले दस वर्षों में सबसे कम है। टैरिफ आदेश के अनुसार 7851.91 करोड़ रुपये की कुल उपभोक्ता राहत सुनिश्चित की गई है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि वितरण हानि को लगभग 20 प्रतिशत तक कम करने, बिजली खरीद लागत घटाने और पावर मिक्स में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि सब्सिडी पर निर्भरता घटे और राज्य के लोगों को किफायती, विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली आपूर्ति मिलती रहे।

# मंजूरशुदा योजना से बाहर निर्माण करने वालों को नोटिस

समर न्यूज़ | लुधियाना

आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां और मुख्य प्रशासक संदीप कुमार के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) ने अनधिकृत और अव्यवस्थित विकास के खिलाफ सख्त ज़ीरो-टॉलरेंस नीति लागू कर दी है। ग्लाडा ने राधिका गुप्ता को 19 अप्रैल 2024 को स्वीकृत भवन योजना से बाहर व्यावसायिक गतिविधियां चलाने और अतिरिक्त निर्माण करने के आरोप में नोटिस जारी किए हैं। बताया गया है कि उन्होंने स्वीकृत नक्शे के विपरीत पहले बेसमेंट का निर्माण किया, उसके बाद ग्राउंड फ्लोर, पहली और दूसरी मंजिल का निर्माण कर योजना का उल्लंघन किया। दोनों नोटिस 3 मार्च को जारी किए गए। मुख्य प्रशासक संदीप कुमार ने आम जनता से अपील की है कि वे सक्षम प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत भवन योजनाओं के अनुसार ही निर्माण कार्य करें। किसी भी प्रकार की उल्लंघना की स्थिति में स्वीकृत योजना रद्द कर दी जाएगी और लागू नियमों के तहत सीलिंग व ध्वस्तीकरण जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसी किसी भी उल्लंघना और उसके परिणामों की पूरी जिम्मेदारी संबंधित बिल्डर या मालिक की होगी। ग्लाडा के अतिरिक्त मुख्य प्रशासक विकास हीरा ने कहा कि चल रही ध्वस्तीकरण मुहिम के अलावा, प्राधिकरण जिले भर में अनधिकृत विकास में शामिल व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रखेगा।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 180